
लखनऊ, शनिवार, 29 अप्रैल 2023 Email: starexpressnews@gmail.com वर्ष : 16 अंक : 65 पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रुपया

हिन्दी दैनिक/डिजिटल

# स्टार एक्सप्रेस

सोच..... बदलते भारत की

www.starexpress.news



## संक्षिप्त समाचार

### पहलवानों के विरोध-प्रदर्शन पर थरूर-पी.टी. उषा आमने-सामने

(एजेंसी) तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने शुक्रवार को केरल की ही एक साथी सांसद पी.टी. उषा पर नयी दिल्ली में भारतीय पहलवानों द्वारा जारी विरोध-प्रदर्शनों को लेकर उनके बयान पर नाराजगी जताई है। महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के लिए भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए देश के कुछ शीर्ष पहलवान नयी दिल्ली में जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इनमें ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक तथा एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता विनेश फोगट जैसे बड़े खिलाड़ी भी शामिल हैं। वर्तमान में राज्यसभा की मनोनीत सदस्य और हाल ही में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष नियुक्त की गई पी.टी. उषा ने कहा था कि आईओए में एथलीटों का आयोग है और सड़कों पर जाने की बजाय पहलवान आयोग के पास जा सकते थे।

### केंद्रीय मंत्री ने अशोक गहलोत को बताया राजनीति का रावण

(एजेंसी) जयपुर। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को राजस्थान की राजनीति का रावण बताया और लोगों से उनका कार्यकाल समाप्त कर श्राम राज्यश् लाने का आह्वान किया। गुरुवार को चित्तौड़गढ़ में बीजेपी की जन आक्रोश रैली में भाषण देते हुए शेखावत ने सीएम अशोक गहलोत और कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। शेखावत ने अपने भाषण के अंत में कहा, अगर आप राजस्थान में राजनीति के रावण को समाप्त करना चाहते हैं, अशोक गहलोत, तो राजस्थान में राम राज्य लाने का संकल्प लें। केंद्रीय मंत्री ने अपने भाषण के दौरान प्रश्नपत्र लीक होने और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार आएगी तो सीबीआई जांच होगी। फ्रि कांग्रेस के कई नेताओं की जांच होगी। शेखावत ने कहा, राजस्थान में पेपर लीक हो रहे हैं। आरपीएससी पेपर लीक पर सीएम कह रहे थे कि इस मामले में कोई नेता या अधिकारी दोषी नहीं है। अब आरपीएससी का एक सदस्य पकड़ा गया है। सरकार बदलने दो। पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच होगी।

### जनता दल यू के पूर्व प्रवक्ता अजय आलोक भाजपा में शामिल

(एजेंसी) पटना। जनता दल (यूनाइटेड) के पूर्व प्रवक्ता अजय आलोक शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में आलोक ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जदयू से अपने राजनीतिक सफ्र की शुरुआत करने वाले अजय आलोक को पिछले साल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मतभेद के बाद पार्टी से निकाल दिया गया था। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद आलोक ने कहा कि आज का दिन उनके लिए 'बहुत खास है क्योंकि वह 'अपने परिवार में ही आए हैं। उन्होंने कहा, ''ऐसा परिवार जिसके मुखिया नरेन्द्र मोदी हैं और जिनकी नीतियों से मैं तो क्या पूरा देश प्रभावित है। पेशे से चिकित्सक आलोक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा के अभियान में वह यदि एक प्रतिशत का भी योगदान दे सकें तो यह उनके लिए गर्व की बात होगी। वह भाजपा की नीतियों के प्रबल समर्थक रहे हैं और विभिन्न मंचों पर उसका पुरजोर तरीके से बचाव करते हैं।

## निकाय चुनाव : लखीमपुर पहुँचे योगी, मांगे बीजेपी प्रत्याशियों खातिर वोट

# अब विकास की स्पीड को तीन गुना करने का समय आ गया : सीएम

❑ एयरस्ट्रिप को एयरपोर्ट के रूप किया जाएगा विकसित जायेगा : योगी

(संवाददाता)

लखनऊ। विकास की स्पीड को तीन गुना करने का समय आ गया है। इसके लिए डबल इंजन में तीसरा इंजन लगाने की जरूरत है। इस चुनाव में भाजपा को जीताकर विकास की गति को सही दिशा दें। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को नगर निकाय चुनाव प्रचार के चौथे दिन शुक्रवार को लखीमपुर खीरी में थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा के फेल इंजन प्रदेश के विकास को पीछे लेकर जा रहे थे। वहीं जब आपने डबल इंजन की सरकार चुनी तो विकास की गति दोगुनी हो गई है। कहा कि अब विकास की स्पीड को तीन गुना करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा को जब आपने जिताया तो सड़के बन रही हैं। मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो रहा है और टूरिज्म के कार्य हो रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि हमारे धार्मिक स्थल राष्ट्रीय एकात्मता के प्रतीक है। इस दिशा में हमारी सरकार छोटी काशी के रूप में विख्यात गोला गोकरण धाम कॉरिडोर का निर्माण करा रही है। कॉरिडोर का निर्माण कार्य पूरा होगा तो यहां टूरिस्ट आएंगे।



इससे यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा। होटल और रेस्टोरेंट खुलेंगे और इस जनपद के अन्नदाता किसानों की फसलों का उचित दाम यहीं पर मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां के अन्नदाता किसान प्रदेश और देश का पेट भरने का कार्य करते हैं। आज यहां के चीनी मिलों की मिठास देश और दुनिया में पहुंचती है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया के एक ताकत बनकर उभरा है। आज दुनिया काशी की तरफआकर्षित हो रही है। काशी में काशी विश्वनाथ धाम का कायाकल्प हो गया है और अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। हमारी सरकार दुधवा नेशनल पार्क में ईको टूरिज्म को बढ़ावा दे रही है। हम नैमिषारण्य में गोला गोकर्णनाथ के लिए कार्य योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने गरीबों को एक-एक आवास, शौचालय और फ्री गैस कनेक्शन के माध्यम से लोगों के जीवन स्तर को उठाने का कार्य किया है। होली और दीपावली के अवसर पर फ्री में एक एक सिलेंडर भी हर उज्जवला योजना के लाभार्थी को घर तक पहुंचेगा। निकाय चुनाव में बीजेपी प्रत्याशियों के प्रचार के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ आजलखीमपुर पहुंचे। जीआईजी ग्राउड में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनता वोट करने की अपील की। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि हम लोगों ने तय किया है कि यहां की एयरस्ट्रिप को एयरपोर्ट में विकसित किया जाएगा। आप सोच सकते है लखीमपुर खीरी से लखनऊ, दिल्ली समेत देश के अन्य हिस्सों के लिए वायुसेवा की सुविधा उपलब्ध होगी।सीएम योगी ने कहा कि टूरिस्ट आएंगे, होटल रेस्टोरेंट बनेंगे। गेस्टहाउस बनेंगे। कोई होटल बनाएगा,कोई होटल में काम करेगा। कोई गाइड का काम करेगा। लखीमपुर का टूरिज्म देश और दुनिया को अपनी तरफ आकर्षित करेगा। छोटी काशी के रूप में लखीमपुर विख्यात होगा।गोला-गोकर्णनाथ धाम का कॉरिडोर भी जल्द ही पूरा होगा। सीएम योगी ने कहा कि हजारों परिवार के पेट भरने का काम भी तीर्थस्थल करते है। इस दौरान उन्होंने बोलते हुए कहा कि कोई ट्रैक्सी चलाने का काम करेगा, कोई होटला का तो कोई गाइड का काम करेगा।किसी को फूल पत्ती बेचने का काम मिलेगा। लोग आगे बढ़ेगे और यह दृष्टि और विजन अगर किसी ने दिया है तो वो है भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में अन्न उत्पादन की दृष्टि से देखा जाए तो किसान प्रदेश देश का पेट भरने का काम करता है। चीनी मिलों की मिठास देश और दुनिया में पहुंचती है। विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि आज लखीमपुर खीरी में क्या नहीं है। अब तो मेडिकल कॉलेज भी है। सीएम योगी से पहले पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने संबोधित किया। जिले के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल भी मंच पर मौजूद रहे।

# दिल्ली शराब घोटाला : मनीष सिसोदिया को झटका

## कोर्ट ने जमानत देने से किया इनकार, हाईकोर्ट जाएंगे पूर्व डिप्टी सीएम

(एजेंसी)

नई दिल्ली। कथित दिल्ली शराब घोटाले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली की एक अदालत ने मनीष सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया है। मामले पर कोर्ट ने 18 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सिसोदिया की जमानत याचिका पर 18 अप्रैल को सुनवाई पूरी हो गई थी। इसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। बुधवार को ईडी मामले



में उनकी जमानत पर फैसला सुनाया जाना था, लेकिन कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी थी। अर्जी खारिज होने के बाद मनीष सिसोदिया दिल्ली हाईकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दायर करेंगे। इससे पहले 27 अप्रैल को मनीष सिसोदिया को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 12 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। यहां सीबीआई ने कहा कि इस मामले में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। इस पर सिसोदिया की ओर से कहा गया कि अब तक हमें चार्जशीट की नकल प्रति नहीं मिली है। हमारा अधिकार है कि हमको उसकी कॉपी मिली है। दिल्ली के डिप्टी सीएम रहे मनीष सिसोदिया को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था। मनीष सिसोदिया से जेल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी पूछताछ की थी। ईडी ने पूछताछ के बाद जेल से ही मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया था। ईडी ने मनीष सिसोदिया को रिमांड पर लेकर भी पूछताछ की थी। मनीष सिसोदिया ने इसी मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट में याचिका दायर कर जमानत मांगी थी।

पिछले महीने भी उन्होंने जमानत याचिका दायर की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। मनीष सिसोदिया जिस शराब घोटाले में बंद हैं, वह दिल्ली सरकार की नई शराब नीति से संबंधित है। दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर 2021 को नई एक्साइज पॉलिसी लागू की थी। दिल्ली सरकार ने इस नीति के लागू होने के बाद राजस्व में इजाफे के साथ ही माफिया राज खत्म करने का तर्क दिया था लेकिन हुआ ठीक उल्टा। दिल्ली सरकार को राजस्व का नुकसान हुआ। दिल्ली के तत्कालीन मुख्य सचिव ने जुलाई 2022 में दिल्ली के तत्कालीन मुख्य सचिव ने एलजी वीके सक्सेना को रिपोर्ट सौंपी थी जिसमें मनीष सिसोदिया पर शराब कारोबारियों को अनुचित लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया गया था।

## प्रधानमंत्री ने किया एफएम ट्रांसमीटर का वर्चुअल उद्घाटन

(संवाददाता)

लखनऊ ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह तकरीबन 10.30 बजे 100 वाट के 91 एफएम ट्रांसमीटर देश को समर्पितकिया। यूपी के औरैया, फ्तेहपुर, ललितपुर, चित्रकूट, देवरिया व सिद्धार्थनगर में आज से एफएम प्रसारण सेवा प्रारंभ हुई। ट्रांसमीटर लगने से लोग अब एफएम रेडियो का आंनद उठा सकते है। देश की चयनित 91 शहरों की सूची में औरैया सहित यूपी के 6 जनपदों को चयनित किया गया है, सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक लोगों को एफएम का आनंद मिलेगा। एफएम सेवा से लोगों को मनोरंजन, समाचार, रोजगार सूचनाओं का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा एफएम ट्रांसमीटर के वर्चुअल उद्घाटन के दौरान राज्यमंत्री अजीत पाल ,सांसद राम शंकर कठेरिया ,डीएम औरैया पीसी श्रीवास्तव व शहर के गणमान्य मौजूद रहे है।पीएमओ के मुताबिक, जिन राज्यों को फायदा मिलेगा उनमें बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल,असम, मेघालय,नागालैंड, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, केरल, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, लद्दाख और अंडमान निकोबार द्वीप समूह शामिल हैं। पीएमओ ने आगे कहा, आकाशवाणी की एफएम सेवा के इस विस्तार के साथ अतिरिक्त 2 करोड़ लोग, जिनके पास माध्यम तक पहुंच नहीं थी।

## जिया खान सुसाइड केस में अभिनेता सूरज पंचोली बरी

(एजेंसी)

मुंबई मुंबई की एक विशेष सीबीआई अदालत ने शुक्रवार को अभिनेता सूरज पंचोली को सनसनीखेज जिया खान आत्महत्या मामले में बरी कर दिया, जिसमें उन पर खुदकुशी के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया था। 3 जून, 2013 की आधी रात को जिया खान जुहू के सागर संगीत अपार्टमेंट में अपने फ्लैट में मृत पाई गई थी, उसके लगभग 10 साल बाद यह फैसला आया। मामला सामने आने के कुछ दिनों बाद, आदित्य पंचोली और जरीना वहाब के बेटे सूरज को गिरफ्तार कर लिया गया और उस पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया। बताया जा रहा



है कि जिया सूरज के साथ रिश्ते में थी, उस वक्त एक्टर सूरज पंचोली बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने की कोशिश कर रहे थे। सुसाइड नोट में सूरज के नाम का जिक्र किया गया। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। सूरज पर आईपीसी की धारा 306 के तहत कथित रूप से जिया को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद, जिया की मां राबिया खान द्वारा बार-बार दी गई दलीलों और 3 जुलाई, 2014 को बॉम्बे हाई कोर्ट के निर्देशों के बाद मामला सीबीआई को सौंप दिया गया। अपने नोट में, जिया ने सूरज के साथ अंतरंग संबंधों के साथ-साथ कथित शारीरिक शोषण, मानसिक और शारीरिक यातना के बारे में बात की।

मामले में अभियोजन पक्ष ने जिया की मां राबिया सहित 22 गवाहों के बयान दर्ज किए थे, जबकि वकील प्रशांत पाटिल सूरज के लिए पेश हुए थे।

## सोनिया गांधी को 'विषकन्या कहने पर आग बबूला हुई कांग्रेस, कहा, घिनौनी राजनीति पर उतर आई है बीजेपी

(एजेंसी)

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी के एक नेता बसनगौडा पाटिल यतनाल द्वारा सोनिया गांधी को 'विषकन्या कहे जाने को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि उन्हें पार्टी से बाहर निकाला जाना चाहिए। पार्टी महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने यह भी कहा कि इस विषय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को माफी मांगनी चाहिए। बीजापुर से विधायक और पूर्व मंत्री यतनाल ने चुनाव प्रचार के दौरान सोनिया गांधी को लेकर यह टिप्पणी की। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी की तुलना 'जहरीले सांप से की थी, हालांकि बाद में उन्होंने सफाई दी कि उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा था। सुरजेवाला ने एक बयान में कहा, ''कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी और उसके नेताओं ने अपना मानसिक और राजनीतिक संतुलन खो दिया है। विधानसभा चुनावों में आसन्न हार से बौखलाई भाजपा अब घिनौनी राजनीति पर उतर आई है। सुरजेवाला ने दावा किया, ''मर्यादा और राजनीतिक शुचिता को ताक पर रख कर भाजपा नेता और मोदी जी के पसंदीदा बसनगौडा पाटिल यतनाल ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी जी को 'विषकन्या और चीन और पाकिस्तान की एजेंट कह कर भाजपा के असली चरित्र का परिचय दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के इशारे पर यतनाल ने यह टिप्पणी की है। सुरजेवाला ने दावा किया, ''भाजपा नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेहरू गांधी परिवार को अपशब्द कहने की आदत बनाई हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोनिया गांधी को ष्कांग्रेस की विधवाष् के साथ साथ जर्सी गाय तक कहा था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, ''सोनिया गांधी सिर्फचुनी हुई सांसद ही नहीं हैं बल्कि वह इस देश के लिए शहीद हुए एक पूर्व प्रधानमंत्री की पत्नी हैं, और उनके खलिाफ इन अशोभनीय शब्दों को कर्नाटक कभी माफ नहीं करेगा। कांग्रेस महासचिव ने कहा, ''नरेंद्र मोदी के चरित्र और मर्यादा की आज परीक्षा होगी। यदि प्रधानमंत्री में रत्ती भर भी शालीनता या मर्यादा है तो उन्हें बसनगौडा पाटिल यतनाल को तत्काल भारतीय जनता पार्टी से निकालना होगा। उन्होंने कहा कि अगर ऐसी कार्रवाई नहीं होती है तो स्पष्ट हो जाएगा कि यतनाल की भद्दी और अपमानजनक टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के इशारे पर की गई है। उन्होंने यह भी कहा, ''आज इस देश के प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को सोनिया गांधी और कांग्रेस नेतृत्व से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए।

## भ्रष्टाचार के मामले में सत्यपाल मलिक के घर पहुंची सीबीआई

(एजेंसी)

नई दिल्ली। सीबीआई की एक टीम शुक्रवार को 60 करोड़ रुपये के कथित भ्रष्टाचार मामले में और जानकारी हासिल करने के लिए जम्मू-कश्मीर राज्य के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के आवास आरकेपुरम पहुंची। सूत्रों ने बताया कि टीम ने भ्रष्टाचार के उनके दावों पर स्पष्टीकरण मांगा है।

मामला एक स्वास्थ्य बीमा योजना से जुड़ा है, जिसे कथित तौर पर आगे बढ़ाने के लिए कहा गया था। मलिक ने दावा किया था कि 23 अगस्त, 2018 और 30 अक्टूबर, 2019 के बीच जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान फाइलों को मंजूरी देने के लिए उन्हें रिश्वत की पेशकश की गई थी। पिछले साल सीबीआई ने इस संबंध में मामला दर्ज किया था और छह राज्यों में छापेमारी की थी। 23 मार्च, 2022 को डॉ. मोहम्मद उस्मान खान, जेकेएएस, उप सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, जम्मू-कश्मीर सरकार का एक पत्र रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड को जम्मू-कश्मीर सरकारी कर्मचारी स्वास्थ्य देखभाल बीमा योजना का ठेका देने में कदाचार के मामले में प्राप्त हुआ था।

सीबीआई स्रोत ने कहा,आरोपों ने प्रथमदृष्टया खुलासा किया कि ट्रिनिटी रीइंश्योरेंस ब्रोकर्स लिमिटेड, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और अन्य अज्ञात लोक सेवकों के साथ साजिश और मिलीभगत से जम्मू-कश्मीर सरकार के वित्त विभाग के अज्ञात अधिकारियों ने अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग करके यह अपराध किया है। प्रारंभिक जांच के बाद सीबीआई ने मामला दर्ज किया।

## कर्नाटक के वरुणा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार ने लिया हिंसक रूप

(एजेंसी)

मैसुरु। कर्नाटक में वरुणा निर्वाचन क्षेत्र में हाई-वोल्टेज चुनाव प्रचार उस समय हिंसक हो गया जब विपक्ष के नेता सिद्दारमैया के गृह गांव सिद्धारमनहुंडी में कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। इसके बाद भाजपा नेताओं ने उन्हें परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। कांग्रेस की ओर से सीएम पद के दावेदार सिद्दारमैया को भाजपा के वी. सोमन्ना से कड़ा मुकाबला है। झड़प में घायल हुए भाजपा कार्यकर्ता नागेश को मैसूर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोमन्ना और मैसूरु-कोडागु सीट से सांसद प्रताप सिम्हा ने शुक्रवार को अस्पताल में घायल पार्टी कार्यकर्ता से मुलाकात की और सिद्धारमैया को परिणाम भुगतने की चेतावनी दी।



सोमन्ना ने मीडियाकर्मियों को बताया कि वरुणा निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं को धमकाया जा रहा है। उन्होंने कहा, मैं चुनाव आयोग से शिकायत करूंगा। सांसद प्रताप सिम्हा ने सिद्दारमैया को जातिवादी करार दिया। वरुण के सभी मतदाता सिद्दारमैया के बारे में जानते हैं। समाज के सभी वर्ग सोमन्ना के साथ हैं। सोमन्ना के एक कॉल पर पूरा निर्वाचन क्षेत्र उठ खड़ा होगा। उन्होंने चेतावनी दी, यदि सिद्दारमैया इस तरह का वर्ताव जारी रखते हैं, तो हम ऐसे कदम उठाने के लिए मजबूर होंगे जिससे शांति भंग होगी। हमारे पास भी ताकत है। प्रताप सिम्हा ने कहा, सिद्दारमैया के खेमे में हताशा है। वे हार से डर रहे हैं और जहां भी सोमन्ना वोट मांगने जाते हैं, गालियां देने और उपद्रव करने में लगे रहते हैं। उन्होंने कहा, भाजपा कार्यकर्ताओं पर पत्थरों से हमला किया गया है। कांग्रेस कार्यकर्ता पत्थरों से भरी बाल्टियां लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं पर पथराव कर रहे हैं। वे भाजपा अभियान को निशाना बना रहे हैं।

## नफरती भाषण मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त, राज्यों को दिए एफ आईआर दर्ज करने के आदेश



(एजेंसी)

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने नफ रती भाषण मामले में कड़ा रुख अपनाया है। शीर्ष अदालत ने नफ रती भाषण मामले पर सुनवाई करते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वह नफ्रती भाषणों को लेकर मामले दर्ज करें, भली ही कोई शिकायत नहीं की गई हो। सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी है कि नफरती भाषण के मामलों को दर्ज करने में की गई देरी कोर्ट की अवमानना माना जाएगा। कोर्ट ने कहा कि नफ्रती भाषण को एक गंभीर अपराध करार दिया, जो देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को प्रभावित करने में सक्षम है।

## संपादकीय

# नरोदा का नासूर

वर्ष 2002 में हुए गुजरात दंगों के दौरान अहमदाबाद के नरोदा गाम इलाके में हुए दंगों से जुड़े तमाम सवाल दो दशक के बाद भी अनुत्तरित ही हैं। इस रक्तरंजित हत्याकांड में ग्यारह लोगों की मौत हुई थी। हाल ही में अहमदाबाद की विशेष अदालत ने सभी शेष 67 आरोपियों को बरी कर दिया। इस दंगे के मामले में सवालों के घेरे में गुजरात की पूर्व मंत्री माया कोडनानी व बजरंग दल के पूर्व नेता बाबू बजरंगी भी शामिल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस मामले में कुल 86 आरोपियों में से 18 की मुकदमे के दौरान ही मौत हो गई थी। निश्चित रूप से यह फैसला इस बात को रेखांकित करता है कि इस मामले में जांच का स्तर नीचा रहा, आधी-अधूरी चार्जशीट दाखिल की गई और कमजोर तर्कों से केस आगे बढ़ाया गया। निस्संदेह इन आरोपियों को अपर्याप्त साक्ष्य के चलते अदालत ने आरोप मुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि नरोदा गाम संहार वर्ष 2002 के नौ प्रमुख सांप्रदायिक दंगों में से एक था। जिसकी जांच सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एक एसआईटी ने की थी। कालांतर इस मामले की सुनवाई एक विशेष अदालत ने की थी। दरअसल, 27 फरवरी, 2002 को गोधरा में ट्रेन में आगजनी हुई थी। उसके उपरांत पूरे राज्य में दंगे भड़क उठे थे। वास्तव में ट्रेन में जलकर मरने वालों में 58 यात्री थे, जिनमें अधिकांश अयोध्या से लौट रहे तीर्थयात्री थे। उल्लेखनीय है कि इसी साल जनवरी में भी गुजरात की एक अदालत ने सभी 22 अभियुक्तों को बरी कर दिया था। दरअसल, सुनवाई के दौरान आठ आरोपियों की मौत हो गई थी। यहां भी सबूतों के अभाव में आरोपियों के बरी होने की बात कही गई। कहा जाता है कि वर्ष 2002 में हुए दंगों को स्वतंत्र भारत में हुए सबसे भीषण दंगों के रूप में देखा जाता है। लेकिन हाल के फैसलों में अभियुक्तों का बरी होना दशकों से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे लोगों के लिये झटका जैसा ही रहा। पीड़ित पक्ष के लोग आरोपियों को दी गई राहत पर सवाल उठाते रहे हैं। इससे पहले भी नरोदा पाटिया दंगे मामलों में गुजरात सरकार की पूर्व मंत्री माया कोडनानी को बड़ी सजा सुनाई गई थी। कालांतर गुजरात उच्च न्यायालय से उन्हें राहत मिल गयी थी। वहीं अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों में बिलकिस बानो केस में जेल में सजा काट रहे अभियुक्तों की जल्दी रिहाई को लेकर भी आक्रोश देखा गया। पीड़ित पक्ष के लोग न्याय की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। विडंबना ही है कि हमेशा से ही सांप्रदायिक दंगों में ऐसे लोगों को सब कुछ गंवाना पड़ता है, जिनका ऐसे मामलों से दूर-दूर तक का वास्ता नहीं होता। इस अन्याय से मुक्ति की आस में वे न्याय व्यवस्था की ओर उम्मीद से देखते हैं। लेकिन जब उन्हें वहां से भी न्याय नहीं मिलता तो निश्चित रूप से दुख व आक्रोश उन्हें निराशा व अवसाद के दलदल में धकेल देता है।

# अमृतपाल की गिरफ्तारी के बाद की चुनौती

खालिस्तान की मांग करने वाले वारिस पंजाब दे नामक संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह की रविवार की सुबह गिरफ्तारी के बाद साम्प्रदायिक सद्भाव और शांति बनाये रखने की जिम्मेदारी पंजाब व केन्द्र सरकार के साथ-साथ नागरिकों की है। आशा की जाये कि इस अलगाववादी नेता की गिरफ्तारी को राजनैतिक मुद्दा नहीं बनाया जायेगा। पंजाब के मोगा के रोड़ेवाल गुरुद्वारे के बाहर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के अंतर्गत अमृतपाल सिंह को गिरफ्तार कर उसे डिब्रूगढ़ (असम) जेल ले जाया गया। खालिस्तान की मांग करने के अलावा एक थाने पर हमला करने और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जान से मारने की धमकी सहित 10 मामले हैं। पिछले 36 दिनों से वह फरार था। रोड़ेवाला जरनैल सिंह भिंडरावाले का गांव है जहां के गुरुद्वारे में अमृतपाल शनिवार की रात आ गया था। गुरुद्वारे की पवित्रता का ख्याल रखते हुए पुलिस ने उसमें प्रवेश नहीं किया वरन गांव को घेरकर धार्मिक स्थल के बाहर उसे हिरासत में लिया। राज्य भर में हाई एलर्ट जारी किया गया है तथा उन धर्मस्थलों पर विशेष तैनाती है जिनका सम्बन्ध खालिस्तान आंदोलन से किसी भी प्रकार से रहा है। पुलिस ने अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कही है। अमित शाह ने पंजाब सरकार की पीठ थपथपाई है। आप पार्टी ने अपनी सरकार द्वारा वक्त पड़ने पर कड़े कदम उठाने की क्षमता की ओर ध्यान दिलाया है तो कांग्रेस ने इस बात की जांच की मांग की है कि अमृतपाल को भागने में किसने मदद की। पाकिस्तान से सटे होने के कारण पंजाब संवेदनशील तो है ही, यही राज्य खालिस्तान आंदोलन का केन्द्र भी रहा था जिसके चलते दो कौमों के बीच का भाई-चारा बिगड़ा था। 1980 के आसपास जरनैल सिंह भिंडरावाले की अगुवाई में यह मांग इस तरह से उठी थी कि उसने पंजाब में सदियों से रहते आये हिन्दुओं व सिखों को बांट दिया था। बड़ी संख्या में निर्दोषों ने अपनी जानें गंवाई थीं। 1984 का ऑपरेशन ब्लू स्टार भी इसी आंदोलन की देन थी जिसमें भारतीय सेना को सिखों की श्रद्धा के सबसे बड़े केन्द्र स्वर्ण मंदिर में प्रवेश करना पड़ा था। इस सैन्य कार्रवाई ने देश की बहादुर व देशभक्त कौम को ऐसा आहत किया था कि उसकी परिणति तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की नृशंस हत्या से हुई थी। यह रक्तरंजित कहानी यहीं पर नहीं ठहरी। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सिखों के खिलाफपूरे देश में दंगे भड़क गये थे जिनमें बड़ी संख्या में निर्दोष सिखों के प्राण गये थे और उनकी सम्पत्तियों को नुकसान हुआ था। तत्पश्चात प्रधानमंत्री बने राजीव गांधी ने सूझ-बूझपूर्ण तरीके से ऐतिहासिक लोंगोवाल शांति समझौता कर शांति की ओर कदम बढ़ाया था। इसके बाद हिन्दुओं व सिखों ने एक दूसरे को सम्भाला और हिंसा व नफरत की धधकती आग ठंडी पड़ गई। खालिस्तान आंदोलन के कारण पंजाब जो आर्थिक मोर्चे पर पिछड़ चला था, उसने अपनी खोई हुई लय को फिर से पाया। 2004 में कांग्रेस को जब सरकार बनाने का मौका मिला तो उसने डॉ. मनमोहन सिंह को दो बार (2009 में भी) प्रधानमंत्री बनाकर सिखों की नाराजगी को पूरी तरह से दूर कर दिया था। यह अलग बात है कि दंगों में दोषी अनेक कांग्रेसी नेताओं के लिये उनकी नाराजगी बनी रही तथा कई दंगा पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाया। इसके बावजूद यह सही है कि हिन्दुओं और सिखों के रोटी-बेटी के सम्बन्ध पूर्ववत हो गये हैं। 2017 में पंजाब में कांग्रेस ने सरकार बनाई थी पर उसकी भीतरी उठा-पटक के चलते और कुछ दोषपूर्ण सांगठनिक फैसलों के कारण उसकी सरकार 2022 के विधानसभा चुनाव में चली गयी। तब तक दिल्ली में सिमटी रही आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार बनी। तभी से यह आशंका बलवती थी कि सीमित अनुभवों वाली ऐसी पार्टी की सरकार द्वारा ऐसे संवेदनशील सूबे को सम्भालना मुश्किल होगा। उसके राजनैतिक चरित्र को देखते हुए भी ऐसा माना जा रहा था। जो आशंकाएं व्यक्त की जाती थीं, उनमें इस पृथकतावादी आंदोलन के फिर से सिर उठाने की बात भी थी। फिलहाल तो पंजाब से किसी अप्रिय घटना के समाचार नहीं हैं जो कि अच्छी बात है। अलबत्ता बठिंडा में पुलिस का फ्लैग मार्च हुआ जहां से अमृतपाल को डिब्रूगढ़ एयरलिफ्ट किया गया। प्रदेश में कुछ जगह इंटरनेट सेवाएं बंद हैं। जो भी हो, उम्मीद की जानी चाहिये कि इस गिरफ्तारी से साम्प्रदायिक सद्भाव को खतरा नहीं होगा और खालिस्तान के मसले का हल सभी मिल-जुलकर निकालेंगे क्योंकि यही सामाजिक शांति और देश के हित में है। यही प्रमुख चुनौती भी है।

# त्वरित विवेचनात्मक, करोना कभी नष्ट ना होने वाला संक्रमण

**संजीव ठाकुर**

करोना कभी न नष्ट होने वाला वाला ऐसा जानलेवा संक्रमण है जिसके महीनों तथा वर्ष के अंतराल में लौट लौट कर मानव शरीर में आने की संभावना सदैव बनी रहती है । विश्व स्वास्थ्य संगठन के वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है कि करोना संक्रमण के वैरीअंट को समूचा खत्म नहीं किया जा सकता उसकी केवल प्रीवेंटिव मेडिसिन या वैक्सीन ही ली जा सकती है। करोना से दूर रहने के लिए केवल और केवल सावधानी और चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा दी गई गाइडलाइंस का ही पालन करना होगा, अन्यथा करोना जानलेवा तो है ही। क्या आपको नहीं लगता एक दूसरे के संक्रमण से फैलने वाला भयानक करोना सिर्फ प्राकृतिक विपदा एवं प्राकृतिक असंतुलन का नतीजा है, बल्कि कुछ मांस भक्षी लोगों मानसिक असंतुलन का भी भयानक परिणति है। प्रकृति ने हमें पहले से ही सचेत करके रखा था, पहले सुनामी, बाढ़, सूखा और भूस्खलन के परिणामों से हमें आगाह किया था और न जाने इन भयानक विपदाओं से कितने लोग काल के गाल में समा चुके हैं। हर वर्ष सुनामी,भूस्खलन,बाढ़ से मरने वालों की संख्या हजारों में होती रही है, पर कुछ देशों के नागरिकों के मानसिक संतुलन का क्या कहें, जिन्हें सब्जी,भाजी,दूध,फल, सूखे मेवे को छोड़कर कुत्ता, बिल्ली,सांप, चमगादड़, सूअर खाने की न जाने क्यों इच्छा बलवती हुई है,और उन्होंने इसका रोजमर्रा की जिंदगी में सेवन करना शुरू कर दिया,चीन सहित विश्व में कई ऐसे देश है जो हर जंतु के मांस का खाने में रोज इस्तेमाल कर नई-नई बीमारियों को जन्म दे रहे हैं। चीन के द्वारा



चमगादड़, सांप, केकड़े और ना जाने कितने जीव जंतुओं का मांस अपने आहार के रूप में इस्तेमाल करते हैं, और इसी की परिणति हुई है कि चमगादड़ में नाना प्रकार के प्रयोग कर करोना वायरस जैसे भयानक संक्रमण वाली बीमारी की उत्पत्ति कर दी और यही करोना वायरस ने पूरे विश्व में मौत का तांडव मचा कर लाखों लोगों की मृत्यु का कारण भी बना है। यह मानवीय मानसिक आसंतुलन तथा दिवालियापन का एक भयानक परिणाम है। जिसकी एकदम सही और सटीक इलाज खोजने में चिकित्सकों को वैज्ञानिकों को सिर से पैर तक पसीना छूट गया है। फिर भी इस कोविड-19 के वायरस का 100: इलाज नहीं खोज पाए हैं। पृथ्वी में बहुत सारी सकारात्मक चीजें हैं जल, वायु, मृदा तत्व, पेड़, झरने,समुद्र, तालाब,नदियां इन सब का सकारात्मक इस्तेमाल कर मानव धरती को समृद्ध तथा मालामाल करता आया है, एवं अपने जीवन यापन हेतु सुचारू रूप से सब्जियां, फल,आयुर्वेदिक दवाएं और न जाने कितने मृदा तत्व जिनमें हीरे,मोती, जवाहर, लोहा,पीतल, तांबा,सोना,चांदी आदि निकालकर जीवन को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु सफल हुआ है। पर कुछ लोगों ने दिमागी असंतुलन के चलते मूक जानवरों का वध करके उसे भोजन की वस्तु बनाकर प्राकृतिक असंतुलन बढ़ाने का जोखिम उठाया, इसी तरह पेड़, जल, मिट्टी, वायु का संरक्षण न करके उसने अप्राकृतिक वस्तुओं का इस्तेमाल करके विश्व का तापमान बढ़ाकर मानव जाति के लिए अनेक खतरे एवं मुसीबतें पैदा कर ली है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण पर्यावरण असंतुलित हो गया है। पर्यावरण प्रदूषण हमारी आधुनिक जीवन शैली के कारण बुरी तरह से शहरों में फैला हुआ है।पर्यावरण प्रदूषण तथा तापमान असंतुलन भी वैश्विक स्तर पर लाखों लोगों की मौत का कारण बना। प्रकृति के इस भयानक असंतुलन के कारण हर शहर हर देश में लाखों लोग मृत्यु को प्राप्त हो चुके हैं, पर मानसिक असंतुलन के कारण न सिर्फ मानव शरीर नष्ट हो रहा है, बल्कि लाखों निरीह जानवर, जीव,जंतु भी मौत के घाट उतार दिए गए। चीन और विश्व के आदिवासी बाहुल्य देश के लोग सांप बिच्छू, चमगादड़ एवं अन्य जीव-जंतुओं का शिकार कर अपने मानसिक असंतुलन का परिचय देकर अपने पेट के दावानल को शांत कर रहे हैं। ऐसा सामान्य मनुष्य सोच भी नहीं सकता। ऐसे में प्रकृति भी इस प्राकृतिक असंतुलन तथा मानसिक दिवालियापन को आत्मसात ना करके प्रक्रियागत नाना प्रकार की बीमारियों तथा मृत्यु के अनेक कारणों को जन्म दे रही है। बहुत महत्वपूर्ण बात यह है की वैश्विक स्तर पर करोना ने अलग-अलग देशों में लाखों लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। और इस महामारी के जनक चीन पर कोई क्रिया प्रतिक्रिया या व्यापारिक सामाजिक नागरिक रोक तथा प्रतिबंध लगाने पर किसी भी देश में संगठित होकर विचार नहीं किया। चीन द्वारा यह एक तरह का केमिकल अस्त्र इस्तेमाल कर अपनी मानव विरोधी मानसिक स्थिति को उजागर किया है।आपको ऐसा नहीं लगता है कि चीन इसी तरह के अन्य रासायनिक अथवा जैविक अस्त्रों का इस्तेमाल कर पूरे विश्व को एवं मानव जाति को भविष्य में भी खतरे में डाल सकता है, क्योंकि चीन और वहां का शासन तंत्र पूरी तरह अपने औपनिवेशिक वादी और विस्तार वादी इरादों को लेकर पूरी तरह कटिबद्ध है। चीन की साजिश के तहत यह वायरस पूरे विश्व में फैला है। अत: वैश्विक स्तर पर संयुक्त राष्ट्र संघ को वैश्विक स्तर पर विश्व के हर राष्ट्र पर इस तरह के किसी भी रासायनिक अथवा जैविक प्रयोग पर तुरंत प्रतिबंध लगाकर उसे संयुक्त राष्ट्र संघ की सदस्यता से निष्कासित कर, इस घृणित कार्य के लिए प्रताड़ित एवं प्रतिबंधित किया जाना चाहिए ,अन्यथा मानव जाति का भविष्य इसी तरह के रसायनिक तथा जैविक हथियारों की बलि चढ़ता रहेगा एवं उत्तर कोरिया तथा चीन जैसे देशों के हुक्मरानों के मानसिक दिवालियापन के कारण अनेक खतरनाक एवं शरीर को नष्ट करने वाले केमिकल अस्त्र शस्त्र भविष्य में संपूर्ण मानवीय जीवन से भी खेलते रहेंगे और लोग इसी तरह मृत्यु की भेंट चढ़ते रहेंगे, यह एक वैश्विक समस्या बनकर सामने खड़ी हुई है। इसका निदान अत्यंत आवश्यक है।

# चीनी रक्षा मंत्री और भारत

**आदित्य नारायण**

**इस संगठन के सदस्य देश रूस, चीन के अलावा तजाकिस्तान, किर्गिस्तान, कजाखिस्तान, उज्बेकिस्तान व पाकिस्तान भी हैं अभी रक्षा मन्त्रियों के इस सम्मेलन में रूस व चीन के रक्षा मन्त्रियों क्रमश: सर्जेई शोइगूव ली- शएंगफू ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है।**



भारत और चीन के और सम्बन्धों में पिछले लगभग तीन वर्षों में जिस प्रकार की कसीदगी लद्दाख की गलवान घाटी में हुए सैनिक संघर्ष के बाद आयी है उसमें सुधार की सभी कोशिशें वे रंग नहीं ला पाई हैं जिनकी अपेक्षा आम भारतीय करते हैं। इसकी असली वजह यह है कि चीन अगर लद्दाख में एक कदम पीछे हटने का उपक्रम करता है तो अरुणाचल प्रदेश में कई कदम आगे बढ़ने की सीनाजोरी कर देता है और समुद्री सीमाओं के भीतर भी अपनी सैनिक क्षमता का रुआब झाड़ने लगता है। चीन के इस रुख को लेकर भारत के लोगों के बीच 1962 के बाद से ही जो संशयपूर्ण वातावरण बना हुआ है उसके तापमान में कभी ऊंच-नीच जरूर होती रहती है परन्तु कुल मौसम वैसा ही नासाजगार बना हुआ है परन्तु भारत इस वर्ष जहां जी-20 देशों की मेजबानी कर रहा है वहीं इसे शंघाई सहयोग संगठन देशों के सम्मेलन के आयोजन की भी जिम्मेदारी दी गई है जिसके चलते आगामी 27 व 28 अप्रैल को संगऑन देशों के रक्षा मन्त्रियों की बैठक भी भारत में ही होगी। इस संगठन के सदस्य देश रूस, चीन के अलावा तजाकिस्तान, किर्गिस्तान, कजाखिस्तान, उज्बेकिस्तान व पाकिस्तान भी हैं। अभी रक्षा मन्त्रियों के इस सम्मेलन में रूस व चीन के रक्षा मन्त्रियों क्रमश: सर्जेई शोइगूव ली- शएंगफूने अपनी स्वीकृति प्रदान की है। जबकि पाकिस्तान के रक्षा मन्त्री ख्वाजा आसिफ को भी निमन्त्रण भेजा है मगर अभी तक इस्लामाबाद ने उनकी यात्रा की घोषणा नहीं की है जबकि शेष चार मध्य एशियाई देशों के रक्षा मन्त्रियों के आने की संभावना भी है। जाहिर है कि भारत की ओर से रक्षा मन्त्री श्री राजनाथ सिंह इन सभी देशों के रक्षा मन्त्रियों से बातचीत करेंगे और इस पूरे क्षेत्र की सामरिक सुरक्षा व आतंकवाद के खतरों के बारे में सलाह-मशविरा करने के साथ अफगानिस्तान को लेकर उठने वाली सुरक्षा समस्याओं पर भी बातचीत करेंगे। मगर भारत के सन्दर्भ में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि चीन व पाकिस्तान का गठजोड़ इस क्षेत्र को अपने दबदबे में रखने के प्रयासों में इस तरह सफल न हो जिससे भारत व अन्य देश स्वयं को ठगा हुआ महसूस करें। मध्य एशिया के जो चार देश हैं वे 1990 तक सोवियत संघ का ही हिस्सा रहे हैं अत: रूस की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि वह इस क्षेत्र में शान्ति व सुरक्षा का माहौल बनाये रखने के साथ ही आपसी आर्थिक सहयोग के क्षेत्र में बराबरी की हिस्सेदारी के सिद्धान्त को लागू करने पर बल दे। इसके साथ ही ऐसे संगठनों की उपयोगिता यह भी होती है कि जब सभी देश एक साथ एक मेज पर बैठते हैं तो वे विवाद के मुद्दों का भी निस्तारण विचार-विमर्श से कर सकते हैं। इस मामले में भारत-चीन के बीच जून 2020 के गलवान घाटी संघर्ष के बाद जो सीमा विवाद पैदा हुआ है उस पर भी दोनों देशों के रक्षा मन्त्रियों के बीच सकारात्मक बातचीत हो। शंघाई संगठन की मार्फत दोनों देशों के रक्षा मन्त्रियों के हाथ में यह असर है कि वे इस मसले को उच्च स्तर पर सुलझाने की नीयत के साथ दिशा-निर्देश देने का काम करें। भारत को अपने रक्षा मन्त्री राजनाथ सिंह की सूझबूझ पर पूरा भरोसा है और सभी देशवासी जानते हैं कि श्री सिंह भारत की सीमाओं की रक्षा के लिए किसी भी कीमत पर कभी भी समझौता नहीं करेंगे। लद्दाख में कई स्थानों पर चीन को पीछे हटने के लिए उन्हीं की रणनीति ने मजबूर भी किया था हालांकि अभी तक यह विश्वास से नहीं कहा जा सकता कि चीन लद्दाख में अप्रैल-मई 2020 वाली स्थिति में पहुंच गया है। उसने अरुणाचल के सीमावर्ती क्षेत्र में इसके बाद काफी उलट-फेर करने की कोशिश की है। भारत के कई कूटनीतिक विशेषज्ञों ने 2003 में ही तत्कालीन वाजपेयी सरकार को चेतावनी दी थी कि वह तिब्बत को चीन का अंग स्वीकार करके भूल कर सकते हैं। मगर इसके बदले में तब चीन ने सिक्किम को भारत का अंग स्वीकार कर लिया था और इसके कुछ महीने बाद ही चीन का राजनैतिक नक्शा जारी करके इसमें अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बता दिया था। जब यह सब हुआ था तो नई दिल्ली में वाजपेयी सरकार ही थी और उस समय विपक्ष ने संसद में वाजपेयी सरकार को बुरी तरह घेर भी लिया था। तब सरकार ने चीन से इसका कड़ा विरोध करके अपनी जान छुड़ाई थी। मगर इसके बाद केन्द्र में मनमोहन सरकार आने के बाद भी चीन का अरुणाचल पर दावा जारी रहा और बीजिंग से कोई न कोई ऐसा विवाद खड़ा किया जाता रहा जिससे भारत की अखंडता को चुनौती देने की ध्वनि आती रही।पिछले वर्ष दिसम्बर में ही चीन ने अरुणाचल के तवांग इलाके में अतिक्रमण की हरकत की थी। अत: शंघाई सम्मेलन के मंच पर इस बात की कोशिश होनी चाहिए कि चीन अपनी तरफसे ऐसी हरकतें न करें जिन्हें भारत नाजायज मानता हो क्योंकि दोनों देशों के बीच सीमा पर शान्ति, स्थिरता व सौहार्द बनाये रखने का समझौता 1993 में ही हो चुका है। इसके बाद सीमा विवाद का स्थायी हल ढूंढने के लिए 2005 में उच्चस्तरीय वार्ता तन्त्र स्थापित हो चुका है जिसकी बैठकें चलती रहती हैं।

# केरल के लोग भाजपा को स्वीकार करेंगे : मोदी

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां सत्ताधारी माकपा और विपक्षी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों के बीच संघर्ष से केरल को नुकसान हो रहा है उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले दिनों में राज्य के लोग भाजपा को स्वीकार करेंगे।**



उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले दिनों में राज्य के लोग भाजपा को स्वीकार करेंगे। मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों और गोवा- जहां ईसाई समुदाय की खासी आबादी है- ने भारतीय जनता पार्टी, उसके काम और उसकी सरकार को जिस तरह स्वीकार कर लिया है, केरल भी आने वाले दिनों में भाजपा को स्वीकार करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां सत्ताधारी माकपा और विपक्षी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों के बीच संघर्ष से केरल को नुकसान हो रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले दिनों में राज्य के लोग भाजपा को स्वीकार करेंगे। मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों और गोवा- जहां ईसाई समुदाय की खासी आबादी है- ने भारतीय जनता पार्टी, उसके काम और उसकी सरकार को जिस तरह स्वीकार कर लिया है, केरल भी आने वाले दिनों में भाजपा को स्वीकार करेगा। उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर के राज्य हों या गोवा, जिन्होंने भी भाजपा का काम देखा है, उसकी सरकार का आचरण देखा है, चाहे वे किसी भी संप्रदाय, पंथ या संप्रदाय के हों, उन सभी ने भारतीय जनता पार्टी को स्वीकार किया है इसलिए मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि जो काम पूर्वोत्तर के राज्यों ने किया है, जो गोवा करता आ रहा है, वह आने वाले दिनों में केरल भी करेगा। पिछले महीने ईसाई बहुल नगालैंड और मेघालय सहित तीन पूर्वोत्तर राज्यों के चुनावों में भाजपा के प्रदर्शन से उत्साहित होकर प्रधानमंत्री ने कुछ महीने पहले इसी तरह का बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि पार्टी के नेतृत्व वाला गठबंधन आने वाले वर्षों में केरल में भी सरकार बनाएगा। उन्होंने त्रिपुरा में दोस्ती और केरल में प्रतिद्वंद्विता के साथ वामपंथियों और कांग्रेस की छल की राजनीति के लिए उनकी आलोचना करते हुए कहा, जैसे-जैसे धीरे-धीरे हमारे प्रतिद्वंद्वियों के झूठ का पर्दाफाश होगा, भाजपा का विस्तार होगा... मुझे यकीन है कि आने वाले वर्षों में, जैसा कि मेघालय और नागालैंड में हुआ है और गोवा में होता रहा है, भाजपा का गठबंधन केरल में भी सरकार बनाएगा। यहां आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन 'युवम 2023' को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पिनराई विजयन सरकार के कुछ शीर्ष अधिकारियों से कथित रूप से जुड़े सोने की तस्करी के घोटाले का भी उल्लेख किया और कहा कि राज्य के युवा जानते हैं कि सत्ता में रहने वाले लोग उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। मोदी ने किसी का नाम लिए बगैर कहा, एक तरफहम भारत के निर्यात को बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर केरल में कुछ लोग सोने की तस्करी में जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। केरल के युवा इस बात से अच्छी तरह वाकिफहैं कि सत्ता में बैठे लोग उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने राज्य की वामपंथी सरकार पर युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए कदम नहीं उठाने का भी आरोप लगाया। मोदी ने कहा, हमारी सरकार स्थायी सरकारी नौकरी देने के लिए रोजगार मेला लगा रही है। भाजपा शासित हर राज्य में नौकरी देने का अभियान चल रहा है। हालांकि, वर्तमान केरल सरकार का युवाओं को नौकरी देने पर ध्यान केंद्रित नहीं है। केरल सरकार के इस रवैये को केरल के युवा कभी नहीं भूल सकते। आधुनिक अवसंरचना के राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की मदद से कोच्चि मेट्रो का काम तेज गति से बढ़ रहा है और कल केरल में पहली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई जाएगी। केरल में कांग्रेस या वाम मोर्चे का नाम लिए बगैर प्रधानमंत्री ने दोनों पर निशाना साधते हुए कहा कि एक कथित रूप से वंशवादी राजनीति पर आधारित है, जबकि दूसरा कथित तौर पर राज्य से ज्यादा खुद के बारे में चिंतित रहता है। उन्होंने कहा, दो विचारधाराओं के बीच संघर्ष के कारण केरल को बहुत नुकसान हो रहा है। एक विचारधारा का मानना है कि उनका हित केरल से ऊपर है। दूसरी विचारधारा एक परिवार को किसी भी चीज से ऊपर रखती है। ये दोनों हिंसा और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हैं। इन दोनों विचारधाराओं को हराने के लिए केरल के युवाओं को कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने हालांकि सम्मेलन में मौजूद युवाओं के साथ बातचीत नहीं की, जैसा कि भाजपा ने कार्यक्रम आयोजित करते समय योजना बनाई थी। अपने संबोधन के शुरू में प्रधानमंत्री ने कहा कि युवा शक्ति भारत की विकास यात्रा को आगे ले जाने वाली ताकत है क्योंकि युवाओं ने देश को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक में बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी ने कहा कि एक जमाने में भारत 'फ्रेजाइल फाइव' (पांच कमजोर) देशों में से एक था। उन्होंने यहां 'युवम 2023' सम्मेलन में कहा, आज हालांकि भारत को सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में जाना जाता है। यह युवाओं की वजह से है और इसलिए मुझे अपने देश के युवाओं पर पूरा भरोसा है। मुझे उन पर विश्वास है। यह उल्लेख करते हुए कि हर कोई अब कह रहा है कि 21वीं सदी भारत की सदी है और देश के पास युवा शक्ति का खजाना है, मोदी ने कहा कि भाजपा और देश के युवाओं की सोच समान है। उन्होंने कहा, हम सुधार लेकर आए और युवा नतीजे लेकर। विपक्षी दलों पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारें जहां भ्रष्टाचार के लिए जानी जाती थीं, वहीं भाजपा सरकार युवाओं के लिए नए अवसर पैदा कर रही है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य आत्मनिर्भर समाज बनाना है। मोदी ने कहा कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार युवाओं के हितों को दिमाग में रखकर काम कर रही है। इसका एक उदाहरण देते हुए, उन्होंने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में कांस्टेबल पद के लिए हिंदी और अंग्रेजी के अलावा मलयालम सहित 13 और भाषाओं में परीक्षा आयोजित करने के केंद्र सरकार के हालिया फैसले का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, पहले लोग सोचते थे कि भारत में कुछ नहीं बदलेगा, लेकिन आज हमारा देश पूरी दुनिया को बदल सकता है। मोदी ने कहा, आज का आत्मनिर्भर भारत डिजिटल भारत के बारे में बात करता है।

CMYK

# योगी सरकार ने यूपी सरकारी सेवक नियमावली में किया संशोधन

## कृत्रिम अंगों की सूची में शामिल हुआ ऑक्सीजन कंसंट्रेटर

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने यूपी सरकारी सेवक (चिकित्सा परिचर्या) नियमावली 2011 में संशोधन करते हुए कृत्रिम अंगों की सूची में ऑक्सीजन कंसनट्रेटर को भी शामिल कर लिया है। अब प्रदेश के सेवारत एवं सेवानिवृत अधिकारी,कर्मचारी यदि स्वास्थ्य कारणों से आवश्यक्ता पड़ती है तो ऑक्सीजन कंसनट्रेटर,सीपैप,बाईपैप खरीदकर उसकी प्रतिपूर्ति (रिइंबर्समेंट) का दावा कर सकेंगे। प्रदेश सरकार नियमों के तहत इसकी प्रतिपूर्ति करेगी। उल्लेखनीय है कि कोरोना की दूसरी लहर के दौरान देश भर में ऑक्सीजन संकट ने जिस



तरह लोगों और सरकार को प्रभावित किया, उसे देखते हुए प्रदेश की योगी सरकार ने किसी भी विषम परिस्थिति में ऑक्सीजन की कमी न हो इसको लेकर गंभीरता से प्रयास किए हैं। अस्पतालों में नए ऑक्सीजन प्लांट बनाए गए तो इमरजेंसी में कई कंपनियों को अपने प्लांट को ऑक्सीजन प्लांट में बदलने की अनुमति दी गई। इसके साथ ही कृत्रिम तरह से ऑक्सीजन बनाने वाले ऑक्सीजन कंसनट्रेटर समेत कई संबंधित यंत्रों की भी बड़ी मात्रा में खरीद की गई। इसी क्रम में अब सरकार ने गंभीर रोगियों को ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की आवश्यकता होने पर इसकी प्रतिपूर्ति का निर्णय लिया है और इस संबंध में गाइडलाइंस भी जारी की गई हैं। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि, ऑक्सीजन कंसनट्रेटर खरीदने और इसकी प्रतिपूर्ति के संबंध में जो गाइडलाइन दी गई है उसके अनुसार निर्धारित आवेदन प्रारूप में संबंधित चिकित्सक द्वारा अनुमोदित दावों पर ही विचार किया जाएगा। इसके साथ ही मूल जांचों की रिपोर्ट भी आवेदन के साथ संलग्न की जाएगी। इसमें ऑक्सीजन कंसंट्रेटर एवं बाई लेवल वेंटीलेटर्स सप्लायर्स सिस्टम के लिए रोगी के स्टेबल दशा में कमरे की हवा में ली गई धमनियों की ब्लड गैस रिपोर्ट देनी होगी। साथ ही सीपैप और बाई लेवल सीपैप के लिए विस्तृत इन लैब लेवल-1 पॉलीसोम्नोग्राफी रिपोर्ट भी देनी होगी। इन मशीनों की स्वीकृति सीएमओ की अध्यक्षता में समिति द्वारा की जाएगी। सीएमओ के अलावा इसमें सीएमओ द्वारा नामित दो श्वास,फुफ्फुस रोग विशेषज्ञ (रेसपिरेटरी एंड पल्मोनरी एक्सपर्ट्स)बतौर सदस्य शामिल होंगे। मिली जानकारी के मुताबिक, शासन ने माना है कि ये सभी उपकरण जीवनरक्षक यंत्र है और पांच वर्ष की अधिकतम आयु रखते हैं। इसलिए इन्हें पांच वर्ष के बाद सर्विस इंजीनियर के द्वारा पूर्व यंत्र की मरम्मत न हो पाने के प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने पर प्रतिस्थापित (रिप्लेस) किया जा सकेगा। लाभार्थी को इन पांच वर्षों में समान प्रकार के यंत्र की प्रतिपूर्ति न लिए जाने के संबंध में अंडरटेकिंग भी देनी होगी। संबंधित यंत्र की उपयोगिता समाप्त होने के बाद लाभार्थी को इसे जनपद के सीएमओ के पास जमा करना होगा। संबंधित सीएमओ इसे महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा मुख्यालय पर जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। इस यंत्र को किसी अन्य रोगी को जारी नहीं किया जाएगा। ऐसे सभी संयंत्रों का पूरा लेखा जोखा महानिदेशालय द्वारा रखा जाएगा। शासन द्वारा प्रतिपूर्ति की अधिकतम सीमा भी निर्धारित की गई है। इसके अनुसार ऑक्सीजन कंसंट्रेटर के लिए 60 हजार, सीपैप के लिए 50 हजार, बाई लेवल सीपैप के लिए 80 हजार और बाई लेवल वेंटिलेटर सिस्टम के लिए 1.20 लाख तक की प्रतिपूर्ति की जा सकेगी। इसमें 5 वर्ष के लिए यंत्र की मरम्मत और स्पेयर पार्ट्स की कीमत सम्मिलित रहेगी। मरम्मत और पुर्जों की कीमत के लिए अलग से कोई दावा मान्य नहीं होगा। 5 वर्ष के बाद यंत्र प्रतिस्थापना के लिए वहीं प्रक्रिया लागू होगी जो पहले यंत्र के अनुमोदन के लिए निर्धारित की गई है।

# मेयर प्रत्याशी वंदना मिश्रा को रालोद का समर्थन

### कार्यकर्ता गठबंधन की प्रत्याशी के लिए मांगेंगे वोट

संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के सूबाई दफ्तर में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय की अध्यक्षता में हुयी जिसमें लखनऊ की महापौर पद की प्रत्याशी वन्दना मिश्रा को समर्थन देने का निर्णय लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता लखनऊ में गठबंधन की महापौर प्रत्याशी के लिए जनता से वोट मांगेंगे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे, प्रदेश मीडिया प्रभारी सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी, वसीम हैदर एवं रजनीकान्त मिश्रा, अम्बुज पटेल, अवध क्षेत्र के संगठन महासचिव चंद्रकांत अवस्थी, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, प्रमोद शुक्ला, चौधरी संजय सिंह, आदि लोग मौजूद रहे। श्री राय ने सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि लखनऊ को स्मार्ट सिटी बनाने में जो भूमिका भाजपा की होनी चाहिए थी वह नहीं निभाई गयी और उत्तर प्रदेश की राजधानी में चारों ओर गन्दगी का साम्राज्य देखने को मिल रहा है। भीषण गर्मी में भी संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए किसी भी प्रकार का छिड़काव नहीं किया गया। लखनऊवासी बदलाव चाहते हैं। महापौर पद की उम्मीदवार वन्दना मिश्रा को भारी मतों से जिताने के लिए हर सम्भव प्रयास होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कोआर्डिनेटर पद से बसपा ने मुनकाद को हटाया, शमसुद्दीन राइन को दी जिम्मेदारी

संवाददाता, लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती ने निकाय चुनाव में कानपुर मंडल की जिम्मेदारी निभा रहे मुनकाद अली को हटा दिया है। कानपुर नगर में एक सभी वार्ड प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया पूरी न करने की वजह से बसपा प्रमुख ने मुनकाद अली को मुख्य जोनल इंचार्ज के पद से हटाने का फैसला किया। मुनकाद अली को कानपुर मंडल के कोऑर्डिनेटर पद से हटाते हुए उनकी जगह पर शमसुद्दीन राइन को जिम्मेदार दी है। मायावती ने निकाय चुनाव को लेकर कहा कि बसपा जैसा सर्वजन हिताय परिवर्तन जरूरी है। यही नगर निगम में फैले भ्रष्टाचार को दूर कर सकता है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मुनकाद को कानपुर मंडल के कोआर्डिनेटर पद से हटाया गया। मुनकाद अली अलीगढ़, बरेली, आगरा, मेरठ और कानपुर मंडल के मुख्य प्रभारी थे। अब सिर्फ अलीगढ़, बरेली, आगरा, मेरठ चुनावों का जिम्मा रह गया है। मायावती ने निकाय-चुनावों के बीच में ही मुख्य जोन इंचार्ज मुनकाद अली को हटा दिया है। उन्होंने चुनाव की जिम्मेदारी मुख्य जोन इंचार्ज शमसुद्दीन राइन को सौंपी है। कानपुर बीएसपी जिलाध्यक्ष रामेश्वर चौधरी ने बताया कि एक या दो दिन में नए मुख्य जोन इंचार्ज शमसुद्दीन राइन पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। निकाय चुनाव के तुरंत बाद लोकसभा चुनाव लगे हुए हैं। लोकसभा चुनाव में निकाय चुनाव जैसी स्थिति ना हो इस लिए फेरबदल किया गया है।

### आदर्श व्यापार मंडल चलायेगा मतदाता जागरूकता अभियान

संवाददाता, लखनऊ। नगर निकाय चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल बाजारों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाएगा। राजधानी के व्यापारी हजरतगंज में साहू सिनेमा के पास अनिवार्य मतदान की शपथ लेंगे। व्यापारी नेता संजय गुप्ता व्यापारियों को अनिवार्य मतदान की शपथ दिलायेंगे। आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारी पदयात्रा निकाल व्यापारियों एवं जनता को मताधिकार के प्रयोग के लिए जागरूक करेंगे। मताधिकार का प्रयोग करने वाले ग्राहकों के लिए दुकानों पर छूट की योजना भी शुरू की जाएगी। हजरतगंज साहू सिनेमा पर एकत्र होकर व्यापारी अनिवार्य मतदान की शपथ लेंगे। नगर निकाय चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के बैनर तले राजधानी के व्यापारी राजधानी की विभिन्न बाजारों में मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत करेंगे। नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह ने बताया शाम 5 बजे हजरतगंज में साहू सिनेमा पर व्यापारी एकत्र होंगे। व्यापारी नेता संजय गुप्ता व्यापारियों को अनिवार्य मतदान की शपथ दिलायेंगे।

### भगवान चित्रगुप्त ने भीष्म पितामह को दिया था इच्छामृत्यु का वरदान : अंगारा

संवाददाता, लखनऊ। बैसाख शुक्ल सप्तमी का दिन चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव मनाया गया। कायस्थ चित्रगुप्त महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमारश्रीवास्तव अंगारा ने बताया कि भगवान चित्रगुप्त पृथ्वीलोक पर तीन बार प्रकट हुए। इस तीन बार में केवल दो बार को पर्व की तरह मनाते हैं। एक बार यह जुड़ा है भाई-बहन यानि यम और यमुना के भोजन आमंत्रण के किस्से से, तो दूसरी बार वह जुड़ा है महाभारत काल के भीष्म पितामह के सशक्तिकरण की कहानी से। पर हम उनकी अवतरण की कहानी को विस्मृत कर गये। श्री चित्रगुप्त के विवाह की कहानी भूल गये। श्री चित्रगुप्त के 12 पुत्रों के वर्तमान उज्जैन के नजदीक कायथा से पूरे भारत में फैलने के निर्णायक दिन को भूल गये। शोध की यात्रा में इन दिवस को भी कायस्थ पर्व की तरह मनायें। मैंने तो अवतरण दिवस से नये पर्वों को मनानें की प्रक्रिया शुरू की है। श्री चित्रगुप्त के पृथ्वी पर उतरने की मान्यता के पहले उनके अवतरण की मान्यता समझनी जरूरी है। माण्डव ऋषि द्वारा यम को दिये हुएश्राप से श्रीचित्रगुप्त के अवतरण की कथा जुड़ी है। श्रापित यम की सहायता बतौर पर्यवेक्षक प्रदान करने के आग्रह पर ब्रह्मजी ने वर्षों तप किया जिससे देवलोक में ब्रह्मजी की सम्पूर्ण काया से चार भुजा वाले श्री चित्तगुप्त भगवान का अवतरण हुआ। अवतरण के बाद ब्रह्म ने चित्रगुप्त का अस्तित्व, नामकरण, और भूमिका तय किया।

### उत्तर प्रदेश पुलिस को मिलेंगे विशेष ड्रोन, छिपे गोला बारूद और हथियारों को पता लगा सकेंगे ये ड्रोन

संवाददाता, लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस ने छिपे हुए हथियारों और गोला-बारूद का पता लगाने के लिए दिन रात दृश्य क्षमता और थर्मल इमेजिंग सुविधाओं के साथ 84 विशेष ड्रोन के लिए पुणे स्थित रोबोटिक्स स्टार्टअप के साथ समझौता किया है। ड्रोन यूपी पुलिस को दंगों को नियंत्रित करने और हवाई निगरानी में सुधार करने में भी मदद करेंगे। पुणे की कंपनी सागर डिफेंस इंजीनियरिंग ने मेक इन इंडिया रूट जीईएम पोर्टल के माध्यम से रिवर्स ऑक्शन के दौरान प्रति ड्रोन 10 लाख रुपये से कम की लागत से अनुबंध हासिल किया, ताकि ड्रोन प्रौद्योगिकियों का समर्थन किया जा सके। ऐसे ड्रोन की वास्तविक लागत की परिकल्पना 24 लाख रुपये तक की गई थी। उत्तर प्रदेश सरकार ने कुंभ मेले के दौरान निगरानी के उद्देश्य से पहले भी साधारण ड्रोन खरीदे थे, लेकिन यह पहली बार है जब राज्य सरकार ने विशेष ड्रोन का आदेश दिया है, क्योंकि इनमें जागरूकता पैदा करने,चेतावनी जारी करने और घोषणाएं करने व प्रभावी पुलिसिंग के लिए दो उन्नत कैमरे और एक माइक्रोफोन है। सागर के संस्थापक और एमडी कैप्टन निकुंज पराशर ने कहा, लगभग 6.5 किलोग्राम वजन वाले ये ड्रोन एक बार चार्ज करने पर एक घंटे और 5 किमी की दूरी तक चल सकते हैं। अलग-अलग पेलोड वाले एक ही प्लेटफॉर्म के ड्रोन पहले भारतीय नौसेना द्वारा अधिग्रहित किए गए थे। नौसेना अपने युद्धपोतों के आसपास निगरानी रखने और दुश्मन के जहाजों, समुद्री लुटेरों, बंदूक चलाने वालों और ड्रग तस्करों पर नजर रखने के लिए खुले समुद्र में इन ड्रोन का इस्तेमाल करती है।

# अन्तर्राज्यीय अंग्रेजी शराब तस्कर गिरफ्तार

## यूपी और बिहार में हरियाणा की शराब का करता है सप्लाई

संवाददाता, लखनऊ। यूपी एसटीएफने देर रात अन्तर्राज्यीय स्तर पर अवैध अंग्रेजी शराब की तस्करी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया। वह हरियाणा से शराब लाकर यूपी और बिहार में सप्लाई करता था। एसटीएफकी टीम ने उसके पास से 67 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब और एक टाटा मैजिक बरामद किया है। टीम उसके गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक लाल सिंह ने बताया कि यूपी एसटीएफको दिल्ली, हरियाणा और पंजाब से अवैध अंग्रेजी शराब की तस्करी यूपी और बिहार में होने की सूचना मिली थी। इसके चलते बुधवार रात करीब 11 वैदिक लान के सामने भिटौली चौराहा सीतापुर रोड के पास से एक टाटा मैजिक गाड़ी को रोककर चेक किया गया। जिसमें अवैध अंग्रेजी शराब छिपी मिली। जिसके बाद लोडर चालक फ्हीम को गिरफ्तार किया गया। वह लखनऊ में एक गोदाम बनाकर तस्करी की शराब की सप्लाई कर रहा था। आरोपी के साथियों के विषय में जानकारी की जा रही है। आरोपी फ्हीम ने बताया कि वह यह शराब पानीपत हरियाणा से लेकर बिहार देने के लिए जा रहा था। जिसे पंजाब में किसी स्थान पर गोलू ने लोड कराकर मुझको पानीपत में एक ढाबे पर दी थी। इसके बदले मुझको 20 हजार रुपये देने की बात तय हुई थी। वह चण्डीगढ में प्रति पेटी 1100 रूपये की दर से खरीदता है और 2500 रूपया प्रति पेटी के हिसाब से उत्तराखण्ड, बिहार और उत्तर प्रदेष के विभिन्न जनपदो में सप्लाई करता है। शराब तस्करी में प्रयोग किये जाने वाली गाडी को पेंट कराकर वैक्सीन हेतु उपयोग में लाये जाने हेतु लिखवाया गया तथा सामने की तरफ मिनिस्टरी आफहेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर गर्वमेंट आफइंडिया लिखा हुआ है। जिसकी वजह से हम लोगों की गाड़ी को कोई चेक नहीं करता था। उसी में छिपा कर दो बार गाडी को बिहार वार्डर पर पहुचा चुका हूं।

# निकाय चुनाव : पहले चरण में दो अध्यक्ष और 86 पार्षद निर्विरोध निर्वाचित

### 37 जिलों में पहले चरण का मतदान चार मई को

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर निकाय चुनाव के पहले चरण में एक नगर पालिका एवं एक नगर पंचायत अध्यक्ष समेत 86 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हो गया है।नाम वापसी के अंतिम दिन नगर निगम के विभिन्न पदों पर एक नगर पालिका और एक नगर पंचायत अध्यक्ष सहित 86 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए गए।राज्य चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश के 37 जिलों में आगामी निकाय चुनाव के लिए पहले चरण के मतदान से पहले यह घोषणा की। आयोग के एक प्रवक्ता के अनुसार आगरा जिले में एक नगर पंचायत अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए। आगरा, मथुरा, गोरखपुर, और मुरादाबाद नगर निगम में दो-दो और




झांसी, फिरोजाबाद और सहारनपुर मे एक-एक नगरसेवक चुने गए। निर्विरोध चुने गए 37 नगर पंचायत सदस्यों में महराजगंज में 13, गोंडा में 10, कुशीनगर में तीन, प्रयागराज, फतेहपुर और मैनपुरी में दो-दो तथा गोंडा और श्रावस्ती में एक-एक सदस्य शामिल हैं।झांसी जिले में एक नगर पालिका अध्यक्ष के साथ विभिन्न जिलों में 36 नगर पालिका सदस्य निर्विरोध चुने गए।राज्य चुनाव आयुक्त मनोज कुमार ने कहा कि निकाय चुनाव के पहले चरण का मतदान 4 मई को 37 जिलों में होगा।

# परिवहन निगम के डाटा क्रैश मामले की बिजीलेंस जॉच की मांग

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ ने परिवहन निगम में हुए डाटा क्रैश मामले को एक सुनियोजित साजिश बताते हुए इसकी विजीलेंस जॉच कराये जाने की मांग की है। संघ के महामंत्री सत्यनारायण यादव ने आरोप लगाया कि जहॉ एक दो टिकट और कुछ लीटर पेट्रोल में कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर दी जाती है वहॉ इतने गम्भीर मामले में कार्रवाई पर की रफ्तार सुस्त है। उन्होंने कहा कि पहले भी आईटी सेल मामले में सदन में प्रश्न उठ चुका है। इस मामले में खास बॉत यह कि कुछ अधिकारियों को निलम्बित किया गया है जो इस बॉत का घोतक है कि कही न कही यह प्रकरण एक सुनियोजित साजिश है। सत्यनारायण यादवने बताया कि 25 अप्रैल को ईटीएम सेवा प्रदाता

उ० प्र० परिवहन निगम

कम्पनी की सांठगांठ से परिवहन निगम का डेटा क्रेश कर परिवहन निगम को करोड़ो रूपये की आर्थिक क्षति पहुचाई गई। कम्पनी की लापरवाही कहे या फिर सुनियोजित साजिश की इस तरह के मामले में डेटा बैंकअप दो भागों में संरक्षित किया जाता है, अगर गलती से एक डेटा चला जाए तो दूसरे के माध्यम से उसे संरक्षित किया जा सके। जिस कम्पनी के द्वारा डेटा क्रेश होने की घटना सामने आई है उस कम्पनी में वही कार्मिक कार्य कर रहे है जो पहले ट्राइमैक्स कम्पनी में सेवा दे रहे थे, जबकि ट्राइमैक्स के खिलाफ पहले ही मुकदमा दर्ज है। साल भर का लेखा जोखा इसी कम्पनी के साफ्टवेयर में संरक्षित था। ऐसे में साल भर के आय व्यय का लेखा जोखा सम्भवत: न मिलने की आशंका के चलते निगम को भारी आर्थिक क्षति झेलनी पड़ सकती है। क्योकि यह मामला सीधे सीधे निगम की आर्थिक स्थिति से जुड़ा है। इसके कारण हजारों परिवारों का भरण पोषण हो रहा है। किसी भी तरह से अगर निगम को आर्थिक हानि का सामना करना पड़ा तो इसका सीधा असर हजारों परिवारों पर पड़ेगा। इसलिए इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले की बिजीलेंस जॉच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। संघ द्वारा प्रबंध निदेशक पर भय और दबाव बनाकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है।

# कोचिंग में पढ़ने वाले बच्चों को चरस बेचने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, 20 किलोग्राम चरस बरामद

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने राजस्थान के कोटा में कोचिंग में पढ़ने वाले बच्चों को कथित रूप से नशीले पदार्थ बेचने वाले अंतरराष्ट्रीय तस्कर गिरोह के तीन सदस्यों को बृहस्पतिवार तड़के यहां कृष्णा नगर क्षेत्र में गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक करोड़ रुपये मूल्य की चरस बरामद की। एसटीएफ सूत्रों ने यहां बताया कि पकड़े गये तस्करों ने कुबूल किया है कि वे चरस को नेपाल से लाकर राजस्थान के कोटा में अपने साथी को देते थे, जो उसे वहां कोचिंग में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को बेचता था।उन्होंने बताया कि बल के अधिकारियों को सूचना



मिली थी कि कुछ लोग नेपाल से तस्करी करके भारी मात्रा में चरस ला रहे हैं और उसे कृष्णानगर क्षेत्र में राजस्थान से आये तस्कर के सुपुर्द करने वाले हैं। उन्होंने बताया कि इस सूचना के आधार पर एसटीएफ की टीम ने कृष्णा नगर क्षेत्र में लखनऊ-कानपुर मुख्य मार्ग पर थाने के पास खड़ी एक कार की घेराबंदी करके तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया और जब उनकी कार तलाशी की गयी तब कार से 20 किलोग्राम चरस बरामद की गयी। उनके अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब एक करोड़ रुपये बतायी जाती है। उन्होंने बताया कि पकड़े गये तस्करों की पहचान शाहजहांपुर निवासी आफ्ताब खान, हरदोई के रहने वाले सलमान खान और राजस्थान के कोटा निवासी अनिल कुमार शुक्ला के रूप में हुई है। सूत्रों ने बताया कि आफ्ताब और सलमान ने पूछताछ में बताया कि वे पिछले दो वर्षों से नेपाल से तस्करी करके चरस ला रहे थे, जिसे शुक्ला को सुपुर्द किया जाता था। उन्होंने बताया कि शुक्ला राजस्थान के कोटा जिले में रहता है और वह चरस को वहां कोचिंग में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को फुटकर में बेचता था। उनके अनुसार चरस की बिक्री के बाद शुक्ला यूपीआई के जरिये आफ्ताब और सलमान के बैंक खाते में अंतरित कर देता था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध कृष्णा नगर थाने में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# दो दर्जन कांग्रेस नेता बीजेपी में शामिल

### महानगर अध्यक्ष दिलप्रित सिंह को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने दिलाई सदस्यता

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव में पहले चरण के नामांकन से पहले लखनऊ महानगर के अध्यक्ष दिलजीत सिंह समेत दो दर्जन से ज्यादा कांग्रेस के नेताओं ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। लखनऊ नगर निगम चुनाव करीब 5 प्रमुख पदाधिकारियों ने कांग्रेस के संस्था से त्यागपत्र देते हुए बीजेपी में शामिल हुए हैं। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने भाजपा मुख्यालय में सभी कांग्रेस नेताओं को सदस्यता दिलाई। बृजेश पाठक ने कहा कि



बीजेपी के सबका साथ सबका विकास और साथ लेकर चलने वाले काम से प्रभावित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काम का परिणाम है कि दूसरे दलों के नेता बीजेपी में शामिल होने आ रहे।

# प्रदेश में माफिया काबू लेकिन बीजेपी के बागी बेकाबू

## कई पुराने नेताओं ने खोला मोर्चा, पार्टी के इतर दे रहे समर्थन, बिगाड़ रहे चुनावी समीकरण

संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सूबे के माफियाओं पर अंकुश का दावा कर रहे हैं लेकिन बीजेपी के बागी हो गए बेकाबू। दो दिनों में सीएम योगी ने नगर निकाय चुनाव का प्रचार करते हुए सहारनपुर, शामली, अमरोहा, रायबरेली और उन्नाव में माफियाओं पर अंकुश को लेकर तमाम दावे किए। उन्होंने कहा कि, अब न कर्फ्यू है न दंगा, यूपी में सब है चंगा, यहां न रंगदारी न फिरौती यूपी नहीं किसी की बपौती।सीएम




कहते, यूपी में अपराध और भ्रष्टाचार के लिए कोई जगह नहीं। माफिया जान की भीख मांग रहे हैं।उनके लिए दो आंसू बहाने वाले भी नहीं हैं, लेकिन पार्टी के बागी नेताओं पर अंकुश नही हैं। राज्य के हर जिले में पार्टी के पुराने नेता पार्टी प्रत्याशियों केखिलाफ मोर्चा खोले हुए है। पार्टी के कई सांसद और विधायक अपने परिजन को टिकट न दिला पाने की वजह से खफा हैं। उनके परिजन बगावत पर उतर पड़े हैं। अब पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने यह ऐलान किया है कि अगर पार्टी के बागी प्रत्याशी नहीं बैठे तो सांसद, विधायक और पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय होगी। बीजेपी में बागियों की भरमार हो गई है।हर जिले में पार्टी के फैसले के खिलाफ पार्टी के पुराने नेता व कार्यकर्ता अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। पार्टी के पुराने लोग सवाल कर रहे हैं कि यूपी के जल शक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटीक की दो बहनों को चेयरमैन का टिकट कैसे मिल गया, जबकि पार्टी का फैसला था कि किसी मंत्री, सांसद और विधायक के परिजन को टिकट नहीं मिलेगा। मेरठ की हस्तिनापुर सीट से विधायक और राज्यमंत्री दिनेश खटीक की बहन वर्षा मोघा को बीजेपी ने सहारनपुर के सरसावा अध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाया है।इस सीट से पहले वर्षा के पति विजेंद्र मोघा चेयरमैन रहे हैं। आरोप है कि राज्यमंत्री ने बहनोई की जगह अपनी एक बहन को हस्तिनापुर सीट से और दूसरी बहन सुधा देवी को मेरठ की एक अन्य अध्यक्ष पद की सीट पर टिकट दिलाया ह।पार्टी में चर्चा भी है कि कानपुर से पार्टी के सांसद सत्यदेव पचौरी अपनी बेटी नीतू सिंह के लिए टिकट मांग रहे थे, लेकिन पार्टी ने कानपुर नगर निगम की निवर्तमान महापौर प्रमिला पांडेय को प्रत्याशी बना दिया। बदायूं की वजीरगंज नगर पंचायत में पार्टी ने ब्रजेश सिंह की पत्नी संगीता को प्रत्याशी बनाया है। इससे खफा। विधायक के दो करीबियों की पत्नी शंकुलता और ममता ने नामांकन दाखिल किया है।प्रयागराज में भी पार्टी के दो सीनियर मंत्री एक-दूसरे के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं दोनों मंत्रियों की बीच अनबन का कारण सपा से बीजेपी में शामिल किए गए रईस शुक्ला बने हैं। रईस शुक्ला ने कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी के खिलाफ चुनाव लड़ा था।नंदी को बताए बिना डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य रईस शुक्ला को पार्टी में ले आए, जिसके चलते नंदी नाराज हैं। बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, संतकबीर नगर, सिद्धार्थनगर, उन्नाव, गाजियाबाद में पार्टी के बागी नेता पार्टी के समीकरण बिगाड़ रहे हैं।

CMYK

# नगर पालिका चुनाव में कायस्थों ने भरी हुंकार भाजपा प्रत्याशी को दिया समर्थन

## एक मंच पर एक साथ दिखे कायस्थ संगठन के प्रतिनिधि

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता




बहराइच।अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं श्री चित्रगुप्त समाज द्वारा शहर के सी0के0 लॉन्स में मतदाता जागरूकता विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में सदर विधायिका अनुपमा जायसवाल,बाराबंकी जिले के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, एम0एल0सी0डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्यामकरण टेकड़ीवाल ने शिरकत की। कार्यक्रम के संयोजक सुशील श्रीवास्तव व धमेंद्र श्रीवास्तव रहे जबकि मंच का संचालन वरिष्ठ समाजसेवी राकेश चन्द्र श्रीवास्तव ने किया।कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान चित्रगुप्तजी का आशीर्वाद लेकर किया गया।कार्यक्रम में एक ही मंच पर कई संगठनों के कायस्थजन एक साथ दिखे।मतदाता जागरूकता विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल ने मौजूद कायस्थ प्रबुद्ध वर्ग से आगामी चार मई को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।उन्होंने कहा कि वोट प्रतिशत बढ़ने से परिणाम अपने पक्ष में आएंगे।उन्होंने मौजूद लोगों से नगर पालिका परिषद अध्यक्ष भाजपा प्रत्याशी सुधा देवी को वोट एवं सपोर्ट देने के लिए निवेदन किया।सदर विधायिका अनुपमा जायसवाल ने कहा कि कायस्थ भगवान ब्रह्म के अंश है।ब्रह्म की काया से उत्पन्न हुए इसलिए कायस्थ कहलाए।श्रीमती जायसवाल ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी ने कायस्थ वर्ग को एक प्रबुद्ध वर्ग बताया।उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की।बाराबंकी से आये पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने अपने ओजस्वी भाषण से भाजपा के पक्ष में माहौल बनाया।उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी को वोट व सपोर्ट करने की बात कही।मंच संचालन करते हुए एबीकेम 2150 के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि हिन्दुत्व और कायस्थ एक सिक्के के दो पहलू है।उन्होंने बताया केंद्र में मोदी सरकार एवं उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के साथ निकाय में ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार आवश्यक है इसलिए कायस्थ एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी सुधा देवी को भारी मतों से विजयी बनाएं।जनपद से पहुंचे कायस्थों ने भाजपा प्रत्याशी सुधा देवी को समर्थन दिया।कार्यक्रम को कुलदीप सिन्हा, श्रवण निगम, अनुज श्रीवास्तव,सुशील श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया।इस दौरान आनंद मोहन प्रधान, डॉ.विश्वनाथ श्रीवास्तव,सचिन श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव, शेखर श्रीवास्तव, सोनी श्रीवास्तव, हेमा निगम, संध्या श्रीवास्तव, स्मिता श्रीवास्तव, रीति श्रीवास्तव, मुरारी श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, अर्पित श्रीवास्तव,एकता भटनागर,मंजू निगम,सत्येंद्र निगम,उत्कर्ष श्रीवास्तव सहित जनपद से आए कायस्थजनों ने सहभागिता की।

# पूर्व मंत्रियों व पूर्व विधायकों की मौजूदगी में समाजवादी पार्टी ने अपने चुनाव कार्यालय को किया प्रारंभ



स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हमीरपुर। राठ कस्बे के चौबट्टा इलाके में आज नगर पालिका से अध्यक्ष पद के लिए सपा उम्मीदवार के कार्यालय का भव्यता से उद्घाटन किया गया। जिसमें भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व मंत्रियों व पूर्व विधायकों ने सहभागिता कर अपने प्रत्याशी को जिताने की अपील की। राठ नगर से सपा प्रत्याशी दानिश खान के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे पूर्व राज्य मंत्री रामाधार सिंह, पूर्व राज्य मंत्री चौ0 ध्रुराम लोधी इत्यादि ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान पूर्व विधायक डॉ अंबेश कुमारी व पूर्व विधायक अनिल अहिरवार ने कहा कि इस समय उनका प्रत्याशी राठ नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव में जीत के बिल्कुल नजदीक खड़ा हुआ है। ऐसे में सभी कार्यकर्ताओं को अपने आपसी मतभेद भुलाकर एवं एकजुटता दिखाते हुए जन-जन से संपर्क कर मिलनसार छवि के प्रत्याशी दानिश खान को भारी मतों से विजयी बनाने का प्रयास करना है। इस दौरान सपा जिला अध्यक्ष इदरीश खान, राठ विधानसभा प्रत्याशी रही राजपूत चंद्रवती वर्मा, जिला पंचायत सदस्य राम सजीवन यादव, युवजनसभा के प्रदेश निवर्तमान सचिव सतपाल यादव, महोबा जिला पंचायत सदस्य मृत्युंजय प्रताप सिंह उर्फ सनी, जिला पंचायत सदस्य विमलेश अहिरवार, पिछड़ा मोर्चा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष सुनील सविता, मानसिंह यादव,दीपक राजपूत रसीद राईन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वीडियो कॉल से शिक्षकों के निरीक्षण आदेश पर शैक्षिक महासंघ ने जताया विरोध

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



बहराइच। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों के ऑनलाइन निरीक्षण के आदेश पर शिक्षकों की ओर से राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए इसे तानाशाही भरा आदेश बताया है, साथ ही बेसिक शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर आदेश को तुरंत वापस लेने की जोरदार मांग की है। शुक्रवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह ने बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री तथा प्रदेश के प्रमुख सचिव व महानिदेशक स्कूल शिक्षा को पत्र देकर एवं महानिदेशक स्कूल शिक्षा से मुलाकात करके परिषदीय विद्यालयों का वीडियो कॉल एवं वॉइस कॉल से निरीक्षण किए जाने के आदेश को तत्काल रद्द करने की मांग की। शिक्षकों की वीडियो कॉल से उपस्थिति के आदेश को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच के जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र ने तुगलकी फरमान बताया और कहा कि विभाग द्वारा बिना संसाधन उपलब्ध कराए शिक्षकों से तमाम प्रकार के ऑनलाइन कार्य लिए जा रहे हैं, अब एक कदम और आगे बढ़ते हुए वीडियो कॉल से निरीक्षण के आदेश शिक्षकों की निष्ठा पर प्रश्नचिन्ह है। जिससे जनपद बहराइच सहित प्रदेश के सभी शिक्षको में भारी रोष व्याप्त है।

बिना संसाधन उपलब्ध कराए विभाग आए दिन विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन कार्य दबाव बनाकर करवा रहा है। शिक्षक से पढ़ाई के अलावा परिवार सर्वेक्षण, यूडायस, और डीबीटी की ऑनलाइन फीडिंग अपने निजी फोन से की जा रही। एक तरफ विभाग के द्वारा सभी बच्चों को सभी विषयों में निपुण बनाने का लक्ष्य दिया गया है और दूसरी तरफशिक्षकों से तमाम तरह के गैर शैक्षणिक कार्य के लिए जा रहे हैं ऐसे माहौल में जो कि असम्भव है।महिला शिक्षिकाओं के फोन पर अनजान नम्बर से वीडियो कॉल रिसीव करने के आदेश पर जिला महामंत्री उमेश चंद्र त्रिपाठी, ने इसे निजता का हनन बताया। और इसके लिए सड़क तक संघर्ष करने की चेतावनी दी। वहीं जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सगीर अंसारी ने गैर शैक्षणिक ऑफलाइन एवं ऑन लाइन कार्य शिक्षक एवं शिक्षिकाओं से ना लेने और इस पर तत्काल रोक लगाए जाने की मांग की है।

# भाजपा ने शहर में निकाली विकास जनरथ यात्रा

## सदर विधायक ने बाइक पर सवार होकर पूरे नगर में की यात्रा की अगुवाई

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



बहराइच। नगर निकाय चुनाव के निमित्त बहराइच नगर में विकास जनरथ यात्रा निकाली गई जिसमें युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली के साथ बढ़-चढ़कर भागीदारी की। पूर्व मंत्री सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने पूरी यात्रा में बाइक पर सवार होकर यात्रा की अगुवाई कर युवाओं का उत्साहवर्धन किया ।यह यात्रा भाजपा जिला कार्यालय से प्रारम्भ होकर सरस्वती नगर, बनजारी मोड, डीएम तिराहा,पीपल चौराहा, घंटाघर ,छोटी बाजार,अस्पताल चौराहा,डिगिहा तिराहा होते हुए छावनी चौराहे पर समाप्त हूई । घन्टाघर पर यात्रा जनसभा के रूप में परिवर्तित हो गई जिसे सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने सम्बोधित किया । अनुपमा जायसवाल ने कहा कि आप लोग 2014 के पहले वाला बहराइच देख लें और फिर आज का आप को फर्क साफ साफ दिखाई देगा। अब आपको संगठित होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करना है। आपके एक मत से बहराइच नगर में भाजपा की सरकार बनेगी जिससे पूरे शहर का विकास होगा। उन्होंने कहा कि आप सभी एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सुधा टेकड़ीवाल को विजय दिलाएं और भाजपा के हाथों को मजबूत करें।सदर विधायक ने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार है, राज्य में भाजपा की सरकार है सदर में आपका विधायक है लेकिन नगर का वास्तविक विकास तभी संभव होगा जब नगर पालिका में आपका अपना चेयरमैन होगा। सदर विधायक ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी से निवेदन है कि 4 मई को सपरिवार घर से बाहर निकलकर अपने बूथ पर जाकर सत प्रतिशत मतदान करवाएं और भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सुधा टेकड़ीवाल को अपना चेयरमैन बनाएं। विकास जनरथ यात्रा में भाजपा प्रत्याशी सुधा टेकड़ीवाल के साथ एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी,भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल, जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, नन्हे लाल लोधी,मनीष आर्य, जिला मंत्री सुनील श्रीवास्तव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र मिश्रा, सतीश सिंह, नगर अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह अज्जू सहित भाजपा के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह यात्रा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह जीतू के संयोजन में संपन्न हुई।

# दबंग ने सुनियोजित षड्यंत्र के तहत धोखाधड़ी कर वृद्ध नानी की कृषि भूमि का बैनामा कराकर , हड़पी जमीन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हमीरपुर। राठ तहसील क्षेत्र के खड़ाखर गांव में एक दबंग युवक ने सुनियोजित षड्यंत्र के तहत धोखाधड़ी करते हुए अपनी बीमार नानी का इलाज कराने के बहाने उसकी कृषि भूमि का बैनामा कराकर उसकी पूरी जमीन हड़प ली है। ग्रामीणों के द्वारा जब बीमार एवं वृद्ध महिला को उसकी पूरी जमीन का बैनामा उसके नाती के नाम होने की जानकारी दी गई तो वृद्ध महिला ने अपने परिजनों के साथ राठ तहसील परिसर में पहुंचकर धोखाधड़ी कर जमीन को अपने नाम कराने वाले दबंग नाती के विरुद्ध लिखित शिकायत पत्र देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। राठ कोतवाली क्षेत्र के बदनपुरा गांव के निवासी राम कुमार पुत्र पूरन ने बताया कि उसकी नानी सुमित रानी पत्नी स्वर्गीय मोतीलाल वृद्ध एवं बीमार रहती हैं । जिसका फायदा उठाकर उसके मौसी के लड़के कुंज बिहारी पुत्र करन सिंह ने इलाज कराने के बहाने वृद्ध महिला सुमितरानी से उसकी संपूर्ण कृषि भूमि का धोखाधड़ी करते हुए अपने नाम पर बैनामा करा लिया है। बताया कि जब उसकी नानी सुमितरानी को धोखाधड़ी से उसकी संपूर्ण कृषि भूमि का बैनामा कराने की जानकारी हुई तो उपाय अत्यधिक मानसिक आघात पहुंचा है। बताया कि धोखाधड़ी कर कृषि भूमि को अपने नाम कराने वाला दबंग कुंज बिहारी वृद्ध महिला सुमितरानी को जान से मारने की धमकी देकर प्रताड़ित कर रहा है। बताया कि उसने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों सहित मुख्यमंत्री को लिखित प्रार्थना पत्र भेजकर मामले में कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है। मामले में स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि प्रकरण की गहनता से जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

# जलभराव की समस्या को लेकर वार्ड वासियों ने हंगामा करते हुए किया विरोध प्रदर्शन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



हमीरपुर। राठ कस्बे के छोटी जुल्हैटी हमीरपुर इलाके में लोगों के निकलने वाले आम रास्ते में कीचड़युक्त जलभराव के होने से लोगों का जीना दूभर हो चुका है। राठ कस्बे के छोटी जुल्हैटी मोहल्ले में अत्यधिक कीचड़ युक्त जलभराव होने से यहां के बाशिंदे खासे परेशान हैं और वह नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर हो रहे हैं। लोगों के निकलने वाले आम रास्ते में कीचड़ युक्त जलभराव होने से पैदल चलना भी मुश्किल पड़ता है। मोहल्ले के बच्चे भी स्कूल जाने से कतराते हैं। तथा आए दिन इस कीचड़ युक्त जलभराव वाले रास्ते से मासूम बच्चे, महिलाएं व बाइक सवार गिरकर चोटिल हो जाते हैं। छोटी जुल्हैटी मोहल्ले के निवासी लला महाराज, आशीष द्विवेदी , गंगादीन वर्मा, चांद बाबू, राम कुमार सैनी, रामपाल, राजू वर्मा , सलमान, चेतराम, शकुन्तला, रजनी ,सन्तोषी, चंदी, लक्ष्मी, अनीता, बबीता, वर्षा, रंजना व सीता सहित अन्य लोगों ने बताया कि उनके मोहल्ले में जल निकासी की कोई व्यवस्था ना होने से निकलने वाले रास्ते में बीते कई महीनों से कीचड़ युक्त जलभराव की समस्या बनी रहती है। उन्होंने बताया कि वह लोग नगर पालिका परिषद के सफाई विभाग सहित उपजिलाधिकारी तक से अपनी इस समस्या का समाधान कराए जाने की गुहार लगा चुके हैं। तथा इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर भी फोन करके कई बार इस दुर्गम जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की लेकिन उसके बावजूद भी अभी तक कोई निस्तारण नहीं हुआ है। बताया कि इस कीचड़ युक्त जलभराव से मोहल्ले में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है तथा तथा महिलाओं एवं बच्चों को आने जाने हेतु बहुत अधिक परेशान होना पड़ता है।

मामले में राठ नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी यदुनाथ ने बताया कि नगर पालिका परिषद की टीम के द्वारा वर्तमान में उक्त स्थान पर समस्या के समाधान का प्रयास किया जा रहा है तथा अति शीघ्र ही वार्ड वासियों की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

# वार्ड 15 में पतंग और कमल के बीच कड़ा मुकाबला

संवाददाता, रायबरेली। नगर पालिका क्षेत्र के अति पिछड़ा क्षेत्रों में या यूं कहें नवाबाद कॉलोनी के रूप में जाना जाने वाला बहराना वार्ड नंबर 15 में विकास के तमाम कार्यों में पिछड़ा क्षेत्र माना जाता है और यह क्षेत्र जलमग्न क्षेत्र भी कहा जा सकता है। क्योंकि अक्सर बारिश के महीनों में यहां जलभराव एक बड़ी समस्या के रूप में देखा जाता है । इस बार नगर पालिका के चुनाव में सभासद पद के प्रत्याशियों ने क्षेत्र के विकास की नई रूपरेखा बनाई है और यहां पर मिली-जुली आबादी है। वार्ड नंबर 15 में 6 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। सबके अपने-अपने दावे हैं और सब अपनी अपनी चुनावी जीत हार का गुणा गणित लगा रहे हैं।लेकिन आम जनमानस का रुख इस बार दो प्रत्याशियों पर केंद्रित है। एम आई एम आई एम के प्रत्याशी सुफ़्यिान अहमद भारतीय जनता पार्टी के मनीष कुमार सोनकर के बीच ही कड़ा मुकाबला दिख रहा है इन्हीं दोनों प्रत्याशियों ने वार्ड नंबर 15 में डोर टू डोर लोगों से जनसंपर्क कर रखा है और जनता जनार्दन भी इन्हीं दोनों पर भरोसा कर रही है।अब जनसमर्थन किसको मिल रहा है ज्यादा यह कहना अभी जल्दबाजी होगी। लेकिन दोनों के बीच कांटे की टक्कर बरकरार है देखना यह है कि या चुनाव क्षेत्र के विकास में किसको अपना सारथी बनाता है।

# भूसा भरा ट्रैक्टर ट्रॉली नहर में सरकी एक किसान घायल

संवाददाता, भरथना, इटावा। भरथना कोतवाली ग्रामीण क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम उमरसेड़ा स्थित नहर पुल पटरी पर शुक्रवार की शाम करीब साढ़े 3 बजे भूसा से भरा एक ट्रैक्टर मय ट्राली के पुल के निकट नहर में उस समय सरक गया जब ट्रैक्टर ग्राम वाहरपुरा की ओर से आकर चढ़ाई बाले भरथना-ऊसराहार मार्ग पर भूसा भरे ट्रैक्टर ने मय ट्राली के चढ़ने का प्रयास किया,और ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पीछे की तरफ उल्टा ही नहर में सरक गया। उक्त दुर्घटना में ट्रैक्टर पर बैठे चालक समेत चार किसानों में एक किसान मामूली घायल हो गया। ट्रैक्टर चालक श्याम बाबू ने बताया कि जैसे ही चढ़ाई बाले मुख्यमार्ग पर उसने ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया इसी बीच मुख्यमार्ग पर एक तेज रफ्तार वाहन गुजर गया जिसे बचाने के चक्कर मे उसने अपने ट्रैक्टर में ब्रेक लगाने की कोशिश की तो ब्रेक तो लगे लेकिन पीछे की ओर ढ़लान अधिक होने के कारण ट्रैक्टर पीछे सरकता चला गया,और नहर में लटक गया।

# सपा,भाजपा,बसपा कांग्रेस सहित छह प्रत्याशी मैदान मे

संवाददाता, भरथना, इटावा। नगर निकाय निर्वाचन- 2023 के अन्तर्गत भरथना नगर पालिका परिषद के नामांकन पत्रों की जाँच एवं वापसी की तिथि समाप्त होने के उपरान्त अध्यक्ष पद हेतु सपा, भाजपा,बसपा और कांग्रेस के अलावा दो निर्दलीय सहित कुल 6 प्रत्याशी चुनावी मैदान में शेष बचे हैं। विगत करीब 10 वर्षों के बाद ऐसा हुआ है कि अध्यक्ष पद हेतु इतने कम प्रत्याशी दावेदारी कर रहे हों। नामांकन वापसी के बाद भरथना नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में अजय यादव गुल्लू,भारतीय जनता पार्टी से मनीषी गुप्ता,बहुजन समाज पार्टी से वर्तिका गुप्ता,और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से बृजेश कुमार सहित चार राजनैतिक दलों के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार विपिन व ईशुफ अपने-अपने चुनावी दावों-वादों के आधार पर मतदाताओं के बीच डटे हुए हैं। ज्ञातव्य होकि विगत करीब 10 वर्षों बाद ऐसा हुआ है कि भरथना नगर पालिका परिषद के निर्वाचन में अध्यक्ष पद हेतु इतने कम मात्र 6 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं,जबकि इससे पूर्व वर्ष 2012 में 23 और वर्ष 2017 में 13 प्रत्याशी अध्यक्ष पद हेतु अपने-अपने भाग्य का फैंसला आजमा रहे थे।

# युवक के घर पर हुई चोरी

संवाददाता, राठ, हमीरपुर । कस्बे के फरसौलियाना मोहल्ला निवासी चंद्रभान पुत्र गोकुल ने बताया कि गुरुवार की रात करीब डेढ़ बजे चोर उसके घर में चोर घुस आए। चोर घर से एक लैपटॉप, तीन हजार रुपए और कुछ सामान चोरी करके ले गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कोतवाल भरत कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# युवक के साथ मारपीट, फोन छुड़ाया

संवाददाता, राठ, हमीरपुर ।कस्बे के जलालपुर रोड पठानपुरा मोहल्ला निवासी गौरव राजपूत पुत्र अरविंद कुमार ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब 5 बजे वह कस्बे के चौपरा मंदिर में शादी की फोटो खींचने के लिए गया था। तभी वहां पर मुजरिया थाने के बीरा गांव निवासी एक युवक अपने तीन साथियों के साथ उसे गेट पर मिला और युवक ने मोबाइल से किसी को कॉल लगाने के लिए कहा। आरोप लगाया कि जैसे ही उसने कॉल लगाने के लिए मोबाइल निकाला तो युवक उसका मोबाइल और उंगली से सोने की अंगूठी निकालकर मारपीट करते हुए भाग गया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# निकाय चुनाव में मतदाताओं को रिझाने में जुटी रेखा यादव की टीम

संवाददाता, राठ, हमीरपुर। निकाय के पिछले चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशियों के पहले दूसरे और तीसरे पायदान पर निर्दलीय प्रत्याशी की ही पसंद बन चुकी राठ सीट पर रेखा उमेश यादव को भरपूर जनसमर्थन मिलता हुआ नजर सा आ रहा है। उनकी टीम को लीड कर रहे अखिलेश यादव जनता के बीच जाकर अपनी बात रख रहे हैं।इसी तरह सभी प्रत्याशी भी अपनी बात रख रहे हैं लेकिन किसकी बात कितनी प्रभावी होगी ये समय बताएगा। निर्दलीय प्रत्याशी रेखा उमेश यादव जनता के बीच मे तमाम वादों के साथ पहुंच रहीं जिससे उन्हें अपार जनसमर्थन मिल रहा है। उनके अच्छी सड़कें और बेहतर पेयजल व्यवस्था के साथ जलनिकासी और तमाम समाज के लिए अच्छे वादे बेहद पसंद किए जा रहे हैं। साथ ही उनके साथ खासा जनसैलाब भी उमड़ रहा है। इसके अलावा निर्दलीय प्रत्याशी क्यूनी, कांग्रेस प्रत्याशी नीलू महाराज सहित और भी प्रत्याशी अपना जनसम्पर्क बढ़ा कर मतदाताओं को रिझाने की कोशिश में लगे हैं।

# पुलिस व सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने के लिये किया पैदल मार्च

ऊँचाहार, रायबरेली। शुक्रवार को निकाय चुनाव के मद्देनजर कस्बे में पुलिस व सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न हो इसके लिए पैदल मार्च किया। कस्बे के सरायं मोहल्ला, खत्री टोला, तकिया नूरशाह,भीतरी मोहल्ला समेत अन्य स्थानों पर गश्त के दौरान लोगों से आदर्श आचार संहिता के पालन की अपील की गई और चुनाव में शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों को कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गई। इस मौके पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक मिठाईलाल, उपनिरीक्षक विवेक कुमार त्रिपाठी समेत पुलिस व सीमा सुरक्षा बल के जवान मौजूद रहे।

# बहराइच में आसमान में दिखा अनोखा नजारा

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



बहराइच। शुक्रवार को जिले के लोगों ने आसमान में अद्भुत नजारा देखा। हुआ यूं कि सूरज रैंबो से घिरा दिखा। सात रंग के इंद्र धनुषीय घेरा देखकर लोगों में कौतूहल रहा। जनपद में शुक्रवार को दोपहर में लोगों की नजर सूरज की तरफगई तो आसमान अदभुद नजारा देखने को मिला। असमान में ऐसा खगोलीय नजारा देखा जा रहा, जिसमें सूरज के चारों ओर सतरंगी इंद्रधनुषीय घेरा बना हुआ है। विज्ञान की भाषा में इस घटना को श्सन हेलोश् (ैनद भ्ंसव) कहा जाता है। मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर विनायक शाही के मुताबिक, यह आसमान में कभी-कभी दिखने वाला अद्भुत नजारा है। इसमें सूरज के चारों ओर एक इंद्रधनुषीय घेरा बन जाता है। वातावरण में मौजूद बर्फ के लाखों क्रिस्टलों में से सूरज की रोशनी परावर्तित होती है तो इससे श्सन हैलोश् का खगोलीय नजारा दिखाई देता है। उन्होंने बताया कि जब सूरज के चारों ओर एक छल्ले जैसी आकृति बन जाती है तो इसे सन हेलो कहा जाता है। यह एक साधारण वायुमंडलीय घटना है । वैज्ञानिक के मुताबिक, जब सूरज धरती से 22 डिग्री के कोण पर होता है तो आसमान में मौजूद सिरस क्लाउड (ऐसे बादल जिनकी परत काफी पतली हो) में मौजूद पानी और बर्फ के कणों से होने वाले परावर्तन की वजह से ऐसी आकृति दिखाई देती है। वैज्ञानिक कहते हैं कि देश में इस तरह की घटनाएं काफी दुर्लभ हैं लेकिन ठंडे देशों में यह घटना बेहद सामान्य है। जब सूरज के आसपास नमी भरे बादल होते हैं और वह पानी क्रिस्टल की तरह काम करता है तब यह घटना होती है। यही वजह है कि ठंडे देशों में ैनद भ्ंसव दिखना बेहद आम होता है। हालांकि आसमान में सूरज के चारो तरफदिखे अनोखे गोले को देखकर लोगों में कौतूहल बना रहा।

# शहर में विकास का नया इतिहास लिखूंगा : प्रवीन कुमार अग्रवाल

## माफियाओं पर कार्रवाई से जनता व व्यापारियों को मिली सहूलियत : प्रवीन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



सुलतानपुर।भाजपा चेयरमैन प्रत्याशी प्रवीन कुमार अग्रवाल ने अपना प्रचार तेज कर दिया है।शुक्रवार को उन्होंने शास्त्रीनगर वार्ड के विवेकानन्दनगर, ओमनगर एवं सिविललाइंस वार्ड के सीताकुंड, आफिसर कालोनी, रामकली स्कूल के आस-पास की आबादी में भाजपा पदाधिकारियों व वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में घर-घर जाकर वोट मांगा। इस दौरान शास्त्रीनगर की प्रत्याशी रेनू सिंह एवं अजय सिंह मौजूद रहे।उन्होंने कहा मेरे लिए जनता का हित सदैव सर्वोपरि होगा।उन्होंने कहा हर क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिता होगी।श्री अग्रवाल ने कहा जनता का आशीर्वाद मिला तो शहर में विकास का नया इतिहास लिखूंगा।उन्होंने कहा योगी सरकार द्वारा माफियाओं पर की गई कड़ी कार्रवाई से जनता व व्यापारियों को काफी सहूलियत मिली है।वही भाजपा नेत्री सुनीता अग्रवाल ने भी विभिन्न वार्डों में जाकर डोर टू डोर संपर्क कर चेयरमैन प्रत्याशी प्रवीन कुमार अग्रवाल के लिए वोट मांगा।आज संपर्क अभियान में प्रमुख रूप से पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ एमपी सिंह, डॉ सीताशरण त्रिपाठी,जगजीत सिंह छंगू, डॉ वीपी सिंह, विजय सिंह रघुवंशी, डॉ प्रीति प्रकाश, आलोक आर्या,चन्दन नारायन सिंह,संजय सोमवंशी, रजनीश मिश्र मिश्रा, सभासद रमेश सिंह टिन्नू,सचिन चोपड़ा,अनिल बरनवाल,राजीव सिंह, अनुज श्रीवास्तव,राम अभिलाष सिंह, हनुमान त्रिपाठी, डब्बू सिंह आदि मौजूद रहे।

# सरकारी पद पर रहते हुए डॉ. साहब कर रहे हैं अपनी पत्नी का चुनाव प्रचार

## अंग्रेजी और हिन्दी शब्द में गलती ने खड़े किए डॉ. साहब की योग्यता पर सवाल

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

रायबरेली। भाजपा ने नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए शालिनी कनौजिया को प्रत्याशी बनाया है शालिनी कनौजिया शहर के प्रतिष्ठित डॉ. बीरबल की पत्नी है! डॉ. बीरबल लम्बे समय तक रायबरेली में तैनात रहे इस बीच यहां उन्होंने अपने अच्छे व्यवहार से लोगों के साथ मजबूत सम्बन्ध बनाए बस इसी लोकप्रियता को कैश करवाने के लिए राजनीति का शौक सवार हो गया और पत्नी को सत्ताधारी दल से जुड़वा दिया और भारी विरोध के बावजूद जोड़-जुगाड़ कर के डॉ. साहब ने शालिनी कनौजिया को पार्टी से नगर पालिका अध्यक्ष का टिकट दिलवा दिया अब सरकारी डॉ. होते हुए भी पत्नी के प्रचार में लगे हुए है, सत्ताधारी दल से जुड़े है इसलिए कार्यवाही की बात करना तो अपने आपको धोखे में रखने जैसा है।

27 अप्रैल की सुबह एक व्हाट्सप्प ग्रुप में डॉ साहब ने अपने नंबर से एक मैसेज शेयर करते हुए लिखा 1:pm diwani 2.30pm kachehari visit for compaign इसका मतलब यह है कि ष्डॉ साहब की पत्नी भाजपा प्रत्याशी शालिनी कनौजिया आज दोपहर 1 बजे दीवानी और 2.30 बजे कचेहरी का दौरा करेंगी स्पष्ट है कि प्रत्याशी है तो वो दीवानी और कचेहरी में मतदाताओं के वोट मांगने और प्रचार करने के लिए ही दौरा करेंगी। डिप्टी सीएम के दौरे की जानकारी देने बाद फिर अपने ही नंबर से भाजपा प्रत्याशी शालिनी कनौजिया का चुनावी घोषणा पत्र भी शेयर किया है।

लेकिन इस सब में एक रोचक बात यह है कि डॉ. साहब के इस मैसेज के बाद ग्रुप के एक सदस्य ने डॉ. साहब के मैसेज पर टिप्पणी करते हुए लिखा कि compaign की वर्तनी गलत है आप एक डॉ. हैं।

उस सदस्य का तात्पर्य यह था कि एक सरकारी डॉ. से अंग्रेजी की इतनी छोटी गलती की अपेक्षा नहीं की जा सकती है। इस तरह उस सदस्य ने डॉ. साहब की योग्यता पर सवाल उठा दिया, खैर डॉ. साहब ने तत्काल Sorry लिखते हुए माफी तो मांग ली। इसके साथ आज भी डॉ. साहब ने उसी ग्रुप में एक मैसेज पोस्ट किया है कि उप्र के मुख्यमंत्री केशव मौर्या का बस्तेपुर में कल दोपहर सभा का कार्यक्रम तय, भाजपा प्रत्याशी के पछ में करेंगे सभा अब आज डॉ. साहब ने जो मैसेज शेयर किया है अब इसमें भी पक्ष के स्थान पर पछ लिख कर हिन्दी भाषा की त्रुटि कर दी है! वैसे हम डॉ साहब की योग्यता पर नहीं जाते है बल्कि हम उनकी नैतिक जिम्मेदारी की बात करते है। डॉ. साहब सरकारी नौकरी की जिम्मेदारी और नैतिकता को ताक पर रखते हुए लगातर भाजपा मय है और प्रचार में जुटे है। बड़ा सवाल यह है सरकारी पद पर रहते हुए डॉ. साहब राजनैतिक प्रचार का




हिस्सा कैसे बन सकते हैं? एक तो सरकारी पद पर होते हुए भाजपा प्रत्याशी के लिए प्रचार करना उस पर हिन्दी और अंग्रेजी भाषा की गलतियों ने सरकारी डॉ. की योग्यता व नैतिकता दोनों पर जो प्रश्न चिन्ह लगा दिया है वह देखने वालों के मन मस्तिष्क में घर कर गया है।

# सम्मान समारोह का आयोजन कर अच्छे अंक पाने वाले छात्रों को किया सम्मानित

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। सुबेदार मेजर रामफल सिंह स्मारक इण्टर कालेज खेरवा की प्रबंधिका योगिता सिंह ने छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें यूपी बोर्ड के हाई स्कूल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। इस दौरान प्रबंधिका सहित शिक्षको ने मेधावी छात्र छात्राओं को माला पहनाकर मुंह मीठा कराया। बताते चलें कि खेरवा मजरे मुरैनी स्थित सूबेदार मेजर रामफल सिंह स्मारक इंटर कालेज की प्रबंधिका योगिता सिंह ने हाई स्कूल परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम आने पर छात्रों का उत्साहवर्धन करने के लिए विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया। योगिता सिंह ने बताया कि विद्यालय की अर्पिता सिंह ने भी 91.5 प्रतिशत अंक व अदिती मिश्रा ने 90 प्रतिशत तथा आस्था सिंह ने 82.5प्रतिशत प्राप्त के साथ



अधिकांश छात्रों ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। योगिता सिंह ने कहा कि शिक्षको की कर्मठता व बच्चों की मेहनत से उनके विद्यालय का रिजल्ट काफी अच्छा आया है। उन्होने कहा कि विषम परिस्थितियों और सुविधाओं के अभाव में चल रहे विद्यालय के बच्चों का इतना अच्छा रिजल्ट आना शिक्षकों की मेहनत को दर्शाता है। कार्यक्रम में सभी छात्रों को माला पहनाकर उनका सम्मान किया गया। इस मौके पर छात्र विभा सिंह, प्रेजल सिंह, वैष्णवी, बबली, इकरा, अन्नू, पूजा, सुभाषिनी, प्रियल के अलावा शिक्षक हरिओम तिवारी, शैलेंद्र शुक्ला, शिक्षिका काजल शर्मा, शांति, सुनीता, दिव्या, मुस्कान, शालिनी आदि उपस्थित रहे।

# मैं अध्यक्ष नहीं सेवक बनने आया हूं : शत्रोहन सोनकर

## मतदाताओं से विकास कार्यों के नाम पर की वोट देने की अपील

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

रायबरेली। कांग्रेस प्रत्याशी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सत्रोहन सोनकर ने जनसंपर्क की शुरुआत गुरुद्वारा साहिब गुरुनानक नगर में माथा टेक कर की, उसके बाद मोहद्दीनपुर, आचार्य द्विवेदी नगर, कैपिटल सिनेमा, इन्दिरा नगर, नेहरू नगर, नदी तीर, बालापुर एवं घसियारी मंडी क्षेत्रों में जनता से संपर्क कर नुक्कड़ सभायें की। शत्रोहन सोनकर ने क्षेत्र की सम्मानित जनता के पैर छू कर आशिर्वाद लिया और कांग्रेस पार्टी को वोट देने की अपील की उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जीत जनता की जीत होगी, मै अध्यक्ष नहीं सेवक बनने आया हूं, शत्रोहन सोनकर ने मतदाताओं से सिर्फ और सिर्फ



विकास कार्यों के नाम पर वोट देने की अपील। कांग्रेस प्रत्याशी के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता शामिल रहे जिसमें मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, प्रवक्ता महताब आलम, पूर्व मंत्री-विधायक सुरेंद्र विक्रम सिंह, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अतुल सिंह, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष हाजी इलियास, शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव, एआईसीसी सदस्य वीरेंद्र यादव, अभय त्रिवेदी, शैलजा सिंह, लक्ष्मी सिन्हा, सर्वोत्तम मिश्रा, आर.के.सिंह, घनश्याम शुक्ल, मोहित सिंह, मोहम्मद अशरफ,मनोज मिश्रा पारुल बाजपेई, सतेन्द्र श्रीवास्तव, राजू खान आदि लोग उपस्थित रहे।

## सार्वजानिक रास्ते पर दबंगों द्वारा पिलर बनाकर जबरन किया गया निर्माण

ऊँचाहार। रायबरेली। आम रास्ते पर दबंगों द्वारा पिलर बनाकर जबरन निर्माण कर रास्ते को अवरुद्ध करने का मामला सामने आया है, कोतवाली में मामले की तहरीर दी गई है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव ब्राह्मणों का नदौरा का है, गाँव निवासी रामसुमेर का कहना है कि पड़ोस के कुछ लोग उसके घर को जाने वाले आम रास्ते पर पिलर बनाकर निर्माण कर रहे है, जिससे आने जाने वाला रास्ता अवरुद्ध हो गया है,पीड़ित ने शुक्रवार को कोतवाली में मामले की तहरीर दी है। कोतवाल बालेन्दु गौतम ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर उचित कार्यवाही की जायेगी।

## आवारा पशुओं को मारने पीटने से मना करने पर मां बेटे को पीटा

महराजगंज, रायबरेली। आवारा पशुओं को मारने पीटने से मना करने पर मां बेटे की गांव के ही दो महिलाओं समेत तीन ने पिटाई कर दी। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई।घायल महिला के पति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। घटना कोतवाली क्षेत्र के संतोष पुर मजरे जनई गांव की है। गांव निवासी बृजभूषण पुत्र शीतला दीन ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरे गांव में आवारा पशु रहते हैं। गुरुवार की सुबह सात बजे मेरे गांव के लवकुश पुत्र राम सरन व उनकी मां रामकली तथा गुड़िया पत्नी विदेश आवार पशुओं की क्रूरता पूर्वक पिटाई कर रहे थे। मेरी पत्नी हेमा ने आवारा पशुओं को मारने पीटने से मना किया तो तीनों एक राय हो मेरी पत्नी को लाठी डंडे से मारने पीटने लगे, मां की पिटाई होते देख बीच बचाव करने गए मेरे पुत्र सहजराम को भी जमकर पीटा और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चले गए। मारपीट में मेरी पत्नी व बेटे को गंभीर चोटें आई हैं। मामले में प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल ने बताया कि घायल मां बेटे का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद तहरीर के आधार पर पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी जीत रहे हैं चुनाव : अमरपाल मौर्य

रायबरेली। नगर पालिका के चुनाव में प्रत्याशी शालिनी कनौजिया के पक्ष में कई मंत्री और बड़े नेता लगे हुए हैं आज एक जनसभा के दौरान मंत्री दिनेश सिंह प्रांतीय नेता अमरपाल मौर्य सहित जिले के बड़े नेता मौजूद रहे अमरपाल मौर्य ने कहा कि पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का माहौल है विपक्षी परेशान है क्योंकि जनता भाजपा के विकास के मॉडल को पसंद कर रही है और भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में लामबंद हो रही है। शहर के इंदिरा नगर में आयोजित जनसभा में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह भी मौजूद रहे उन्होंने कहा कि पूरे जिले में चुनाव को लेकर उत्सव का माहौल है जो कि भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में है पूरी जनता भाजपा के प्रत्याशी को जिताने का मन बना चुकी है ।भाजपा नेता इंजीनियर विजय रस्तोगी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के प्रत्याशी को दिल्ली से संचालित किया जाएगा और सपा का प्रत्याशी का टिकट उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भ्रम में रखकर लाया गया है उन्होंने दावा किया कि भाजपा के प्रत्याशी के जीत सुनिश्चित है और उसे कोई हरा नहीं सकता।जनसभा में कॉपरेटिव बैंक के डायरेक्टर अनुभव कक्कड़ किरण सिंह अली हैदर नक्की अनिल मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस के मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ

## पूर्व विधायक/पूर्व चेयरमैन धर्मपाल सिंह की पत्नी ने किया रिबन काटकर उद्घाटन

संवाददाता, हापुड़। हापुड़ मे शुक्रवार को कांग्रेस के मुख चुनाव कार्यालय का उद्घाटन आर्य नगर स्थित माहेश्वरी की धर्मशाला में हुआ। उद्घाटन पूर्व विधायकध्पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय धर्मपाल सिंह जी की पत्नी के हाथों रिबन काटकर किया गया। इससे पूर्व कांग्रेस से चेयरमैन पद की प्रत्याशी मानवी सिंह वर्मा ने सर्व धर्म का सम्मान करते हुए पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना, गुरुद्वारा पाठ पढ़कर अपनी जीत की कामना की। इसी बीच पत्रकारों को बाइट देते हुए कांग्रेस प्रत्याशी मानवी सिंह वर्मा ने कहा कि हापुड़ की जनता अगर उन्हें अपना जन प्रतिनिधि चुनती हैं तो वह हापुड़ शहर के सर्व समाज के लिए विकास के कार्य करेंगी। जो विकास मेरे पिता स्वर्गीय धर्मपाल सिंह जी ने अपने कार्यकाल में हापुड़ नगरपालिका का चेयरमैन और हापुड़ सदर का विधायक रहते हुए किया, वहीं विकास वह अपने स्वर्गीय पिता के आशीर्वाद से हापुड़ नगरपालिका में सभी समाज के लोगों के लिए करेंगी। उन्होंने कहा कि हापुड़ शहर की पॉश कॉलोनियों में आवारा कुत्तों व बंदरों के आतंक से लोग परेशान हैं उन परेशानियों से छुटकारा दिलाने का काम वह अपने कार्यकाल में करेंगी। लोगों को घरों में पीने के लिए स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जायेगा। मोहल्लों में नियमित रूप से साफसफाई का ख्याल रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने कहा हैं कि कांग्रेस शहर के प्रत्येक वार्ड में गली गली डोर टू डोर प्रचार अभियान चला रही हैं। जहां हर समाज के लोगों से प्रत्याशी को भरपूर सनार्थन व आशीर्वाद मिल रहा हैं। इस दौरान डॉक्टर वीसी शर्मा को मुख्य चुनाव कार्यालय का अध्यक्ष नियुक्त किया गया हैं। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष मिथुन त्यागी, प्रदेश महासचिव बदरुद्दीन कुरैशी, पीसीसी सदस्य अरविंद शर्मा, शमशाद अंसारी, डॉक्टर इरशाद, राकेश त्यागी, प्रदेश सचिव डॉक्टर शोएब, नवरत्न त्यागी, ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर जकरिया मनसबी, सेवादल जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा, पीसीसी सदस्य नरेश भाटी, एजाज अहमद, हसन आतिफ कुसुमलता, सविता गौतम, रामप्रसाद जाटव, विक्की शर्मा, सुदेश कुमार, गौरव गर्ग, अनूप कुमार, अमित सैनी, भरतलाल शर्मा, धर्मेंद्र कश्यप, मनोज कौशिक, जस्सा सिंह, यशपाल ढिलौर, देवेंद्र कुमार, सुखपाल गौतम, सचिन कुमार, जय



भगवान जाटव, चरण सिंह, आकाश, शादाब सैफी, खुशनूद, सुरेंद्र सिंह, डॉक्टर वीसी शर्मा, सीमा शर्मा, सूर्यकांत कौशिक, विनोद कुमार, तारेशवर त्यागी, जितेंद्र अग्रवाल, कुसुमलता, सविता गौतम सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहें.!

## पीडितों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये जाने के एसपी ने दिए निर्देश




संवाददाता, महोबा। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपद में नई पहल के तहत जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये निरंतर गम्भीरता पूर्वक जनसुनवाई की जा रही है। जिसमें शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में बारी- बारी से जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा अपनी शिकायत एवं समस्याओं को लेकर आये हुये फरियादियों से एक-एक करके उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में जनसुनवाई की गयी जिसमें उनके प्रकरण को गम्भीरता पूर्वक सुना गया। जिसमें फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण के लिये पुलिस अधीक्षक द्वारा गूगल मीट के जरिये थानों के दिवसाधिकारियों को पीड़ित की समस्या के गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध विधिक निस्तारण करने एवं कराये जाने के निर्देश आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# मरौली खंड 6 में गरज रही दैत्याकार मशीनें, वैध की आड़ में चल रहा लगातार अवैध खनन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

बांदा। जनपद के थाना मटौंध अन्तर्गत मरौली खंड संख्या 6 में वैध की आड़ में चल रहा लगातार अवैध खनन भारी भरकम मशीनों समेत लोडिंग प्वाइंट से ही ओवरलोड ट्रकों की हो रही धमाचौकड़ी जिससे सरकार के राजस्व की हानि तो हो ही रही है वहीं माफिया के रसूख के चलते असलहा धारियों की निगरानी में लगातार अवैध खनन को दिया जा रहा अंजाम जिले के आला अधिकारी फिर भी हैं मेहरबान कहने को तो यूं ही छोटी मोटी कार्यवाही करके अधिकारी अपनी वाहवाही लूटते हैं। लेकिन मरौली खंड संख्या 6 में




लगातार चल रही अनियमितता को नजर अंदाज कर रहे जिले के आला अधिकारी लगातार ग्रामीणों की शिकायत आने के बावजूद व समाचार पत्रों में लगातार खबरें प्रकाशित होने के बाद भी जिले के आला अधिकारी मौन है।बताते चले कि खनन का भी एक मानक होता है। जिसमें खनन करना कोई जुर्म नहीं है। इसलिए सरकार ने ई टेंडर की व्यवस्था की है कि छोटे बड़े मोरम व्यापारी मोरम धंधे में अपना भाग आजमाइश कर सकें मगर यहां जमीन पर हकीकत कुछ और ही देखने को मिलती है जहां रसूख वालों के चलते किसी भी ईमानदार मोरम व्यापारी की एक भी नहीं चलती वो अपने रसूख के दम पर एनजीटी के नियमों को ताक में रखकर मनमानी करने पर उतारू है। जैसे कि बांदा के उस पार बांदा जनपद के थाना मटौंध क्षेत्र में कुछ खदानो में अवैध खनन का बेहतरीन मंजर देखा जा सकता है जिसे देखना हो अगर अवैध खनन का मंजर वो मरौली खंड संख्या 6 में बाखूब- दीदार करें मौके पर जाकर नजर आएगा मानक से विपरीत खनन बाजार शाम होते ही नदी की जलधारा में रात में अंधेरे के सन्नाटे पर उतर जाती है दैत्याकार मशीनें फिर सारी रात गहरे पानी से मोरम निकाली जाती है जिससे पानी की जलधारा तो रुक ही रही है साथ ही जलीय जीव जंतुओं के उपर भी खतरा मड़रा रहा है और जिले के रास्तों का भी बुरा हाल हो रहा है जिससे सड़के जर्जर हो रही फिर भी जिम्मेदार अधिकारी मौन बैठे है जिससे खनन माफिआओं के हौसले लगातार बुलंद हो रहे है अपनी मनमानी करने पर उतारू हैं

## मिट्टी खनन कर रहे ट्रैक्टर ने अबोध बालक को कुचला, बच्चे की मौके पर मौत

संवाददाता, नवाबगंज। नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम भगौरा निवासी शिवलाल शाक्य का 3 वर्षीय पुत्र रुद्र कुमार गांव में सड़क के किनारे खड़ा था। उसी समय तेज गति से आ रहे पावर ट्रेक ट्रैक्टर ने उसे रौद डाला। जिससे बालक की मौके पर मौत हो गई। यह घटना प्रातः 6रू00 बजे की है। ट्रैक्टर को ट्रेक्टर ड्राइवर प्रदीप कुमार शर्मा पुत्र सर्वेश कुमार शर्मा निवासी उखरा का चला रहा था। गाड़ी मालिक जगमोहन सिंह निवासी किशनपुर पोस्ट सरौतिया जनपद एटा का ट्रैक्टर था। गांव वालों ने चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। ट्रैक्टर में भी तोड़फोड़ की गई ।मौके पर थानाध्यक्ष भारी पुलिस बल लेकर घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। शिवलाल का एक ही पुत्र था। वहां पर देखने वालों की भीड़ लगी हुई थी। पुलिस ने उसका पोस्टमार्टम के लिए कहा तभी परिजन आक्रोशित होने लगे। परिजनों ने कहा हम शव को नहीं उठने देंगे। जैसे तैसे थानाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने परिजनों को समझाया। कहा मिट्टी खनन कर रहे इन लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी । गांव के लोगों ने बताया कि ड्राइवर ट्रैक्टर को इतनी तेज रफ्तार से चला रहा था कि देखने वालों की रूह कांप गई। वही देखते ही देखते नन्ना सा बालक ट्रैक्टर का निवाला हो गया। ट्रेक्टर ड्राइवर ने भागने का किया प्रयास तब तक ग्रामीणों ने भागदौड़ कर उसे पकड़ लिया ।और उसकी पिटाई भी कर दी और पुलिस के हवाले कर दिया।

## सपा नेता शंशाक सक्सेना सहित 10 पर शांतिभंग में कार्यवाही

संवाददाता, फर्रूखाबाद। नगर निकाय चुनाव की सरगर्मियां जारी है। इस समय चुनाव में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रशासन चुनाव में खलल डालने वालों की शांति भंग की कार्यवाही कर रहा है। इस बीच सपा के मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के निवर्तमान जिलाध्यक्ष शंशाक सक्सेना सहित 10 सपाईयों के विरुद्ध नगर मजिस्ट्रेट द्वारा शांतिभंग में कार्यवाही की गई है।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट पुलिस ने न्यायालय नगर मजिस्ट्रेट में 20 अप्रैल 2023 को अवगत कराया कि सपा नेता शंशाक सक्सेना सहित 10 सपा नेताओं द्वारा नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद चुनाव में गड़बड़ी फैलाकर,किसी भी समय लड़ झगड़कर शांति व्यवस्था भंग कर सकते हैं। इसलिए इन सभी पर पांबदी लगाना आवश्यक है। जिस पर नगर मजिस्ट्रेट ने पुलिस की रिपोर्ट से सतुंष्ट होकर सभी सपा नेताओं को न्यायलय में उपस्थिति होकर कारण स्पष्ट करने को कहा है। वहीं एक वर्ष तक शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु 1 लाख रुपये के दो-दो मुचलका एंव इतनी ही धनराशि के निजी जमानती दाखिल करने को कहा है। इस बीच सपा के निवर्तमान मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष शंशाक सक्सेना ने कहा है कि मेरे विरुद्ध किसी थाने में कोई मुकदमा दर्ज नहीं है और न ही मैं इस परिक्षेत्र से आता हूं। मेरे विरुद्ध बेबुनियाद कार्यवाही की जा रही है।

# भाजपा प्रत्याशी व समर्थको ने सादगी के साथ विभिन्न वार्डो में किया जनसंपर्क

संवाददाता, बांदा। अगामी नगर निकाय चुनाव मतदान 11 मई, 23 में भाजपा प्रत्याशी मालती बासू अधिक से अधिक मतो के साथ विजयी व आर्शीवाद के लिए जनसम्पर्क अभियान तीन टोलियों में शहर के वार्ड जरैली कोठी, सिविल लाइन, क्योटरा उत्तरी, गायत्री नगर, सेढू तलैया, मढिया नाका में प्रथम टोली में महिला मोर्चा की जिला महामंत्री अभिलाषा मिश्रा व रूपा चौहान के साथ अध्यक्ष पद की प्रत्याशी मालती बासू अपनी महिला टीम के साथ द्वार-द्वार जनसम्पर्क अभियान किया। वही दूसरी ओर



दूसरी टोलियों में युवा मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष भाजपा अंकित बासू व नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता के साथ आधा सैकडा कार्यकर्ताओं ने नगर के देवतुल्य नगर वासियों से जनसम्पर्क कर उनके विचारों को जाना और उनको भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में समझाया और भाजपा प्रत्याशी मालती बासू के पक्ष में वोट और अपना समर्थन देने का अग्रह किया इसके साथ तीसरी टोली का नेतृत्व नगर संयोजक दक्षिणी लखन राजपूत, रामकिशुन गुप्ता बासू व अन्य वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने शहर के उक्त वार्डो में वर्तमान की समस्याओं का हाल जाना और इन समस्याओं के निदान के लिए अश्वासन दिया। योजनाओं के बारे में विस्तार से शहर वासियों को बताते हुए पिछले 5 वर्षो में नगर पालिका क्षेत्र में जो विकास की योजनाए प्रभावित हुई है।

# मुढारी के मेधावी छात्रों ने अधिकतम अंक पाकर बनाई है अलग पहचान

संवाददाता, महोबा। सर्वोदय विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुढारी के मेधावी छात्र - छात्राओं ने हाईस्कूल की परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त कर जिले एवं गांव में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। विद्यालय में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में ध्रुव तिवारी ने 88.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं नितिन तिवारी ने 86.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान तो राजकुमार कुशवाहा ने 82.50 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं बालिकाओं में अनुराधा चतुर्वेदी ने



82.33 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। एवं सीमा राठौर ने 81.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। एवं जानवी तिवारी ने 79.37 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। जिसके उपलक्ष्य में सर्वोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं सभी स्टाफ ने सभी मेधावी छात्रों को मिठाई खिलाकर उनका मुँह मीठा कराते हुए उत्साहवर्धन किया एवं छात्रों का हौसला बढ़ाते हुए अग्रिम भविष्य की बधाई दी है।

CMYK

# आईपीएल में लग रहा था ऑनलाइन सट्टा

## 180140 रुपये, 13 मोबाइल बरामद

❑ पकड़ा गया एक अभियुक्त अपने घर में ही चला रहा था सट्टा बाजार – सटीक सूचना पर थाना चमनगंज पुलिस ने की कारवाई

❑ अभियुक्त के पास से 180140 रुपये और 13 मोबाइल बरामद



संवाददाता

कानपुरा इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल के मैचों पर ऑनलाइन सट्टा लगाया जा रहा था। मैच की एक-एक बॉल, प्रत्येक ओवर, विकेट, कुल स्कोरकार्ड, चौके और सिक्सर के साथ ही जीत हार पर भी ऑनलाइन सट्टा लगाया जा रहा था। थाना चमनगंज पुलिस को मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक अभियुक्त को 1 लाख 80 हजार रूपये की नकदी एवं 13 मोबाइल के साथ दबोच लिया है। पकड़े गए उसके खिलाफ पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है।

थाना चमनगंज पुलिस द्वारा पकड़े गए अभियुक्त की पहचान अभियुक्त अंशु गुप्ता पुत्र स्व: रामशंकर गुप्ता निवासी 105/693 दाल मिल एकता कम्पाउन्ड भन्नानापुरवा फ्लैट नं0402 थाना चमनगंज कानपुर नगर उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई। अभियुक्त अंशु जो अपने घर के अन्दर लगातार आनलाईन सट्टा चला रहा था जिसको समय – करीब 11.50 बजे रात्रि म0न0 105/693 दाल मिल एकता कम्पाउन्ड भन्नानापुरवा फ्लैट नं0402 थाना चमनगंज से गिरफ्तार कर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 46/2023 धारा 3/4/9 सार्वजनिक जुआ अधि0 1867 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगणों का नाम व पता: अंशु गुप्ता पुत्र स्व: रामशंकर गुप्ता निवासी 105/693 दाल मिल एकता कम्पाउन्ड भन्नानापुरवा फ्लैट नं0402 थाना चमनगज कानपुर नगर उम्र 35 वर्ष आपराधिक इतिहास– मु0अ0सं0 46/2023 धारा 3/4/9 सार्वजनिक जुआ अधि0 1867 थाना चमनगंज कानपुर नगर बरामदगी अभियुक्त के कब्जे से आनलाईन सट्टा खेलते समय 180140 रु. व 13 अदद मोबाईल फोन नाजायज बरामद होना। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक अमरनाथ विश्वकर्मा, उ0नि0 कृपाशंकर मिश्रा, उ0नि0 रणवीर सिंह, उ0नि0 विक्रम सिंह स्वाट टीम प्रभारी सेंट्रल जोन, हे0का0 रामपाल सिंह, हे0का राशिद, का0विवेक गौतम, का0 देश दीपक, हे0का0 बृजेश सिंह, का0 शिव कुमार सिंह स्वाट टीम सेन्ट्रल जोन, का0 श्याम सुन्दर स्वाट टीम शामिल रही

## डीसीपी सेंट्रल और दक्षिण एडीसीपी के नेतृत्व में स्पा सेंटरों में बड़ी कारवाई

संवाददाता, नजीराबाद थाना अंतर्गत चल रहे स्पा सेंटरों ने डीसीपी सेंट्रल की टीम ने एक साथ अभियान चला की छापेमारी। नजीराबाद थाना अंतर्गत संचालित स्पा सेंटरों की शिकायत आने के बाद टीम बना की गई बड़ी करवाई। 3 स्पा सेंटरों से 6महिला समेत 11पुरुष को सेंट्रल डीसीपी की टीम ने किया गिरफ्तार।

## अतीक के ससुर के घर पुलिस की छापेमारी के दौरान मिली एक डायरी

संवाददाता, प्रयागराज। अतीक-अहमद के करीबियों पर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अतीक अहमद के ससुर के घर पर हुई छापेमारी के दौरान पुलिस को एक डायरी बरामद हुई है, जिसमें अतीक के कई करीबियों और मददगारों के नाम दर्ज हैं। मिली जानकारी के मुताबिक इन डायरियों में अतीक अहमद और अशरफ के पांच राज्यों में फैले कारोबार की फेहरिस्त शामिल है। सूत्रों के अनुसार, डायरी में कौशांबी के ग्राम बिरमपुर में दो भाइयों इमरान और जीशान, मोहम्मद मुस्लिम व कौशांबी के कई अन्य लोगों के साथ एलिना सिटी फेज-1, फेज-2, ग्राम बक्सी व दामपुर में अहमद सिटी, सैदपुर बक्सी में असाद सिटी, रावतपुर में साई बिहार योजना, सैदपुर में सैदपुर ग्राम योजना, सैदपुर करेहदा में सैदपुर आवास योजना,करेली के लखनपुर में लखनपुर आवास योजना में करीब एक हजार बीघा से ऊपर जमीन पर तमाम प्रोजेक्ट से जुड़े लेन देन का भी जिक्र है। डायरी में रियल स्टेट और होटल के कारोबार से जुड़े अतीक के करीबियों का भी जिक्र है।

# पूरे जिले में खेलेगा भाजपा का कमल : राजेंद्र अग्रवाल,सांसद

### पूर्ण विधि विधान और यज्ञ के उपरांत हुआ भाजपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

संवाददाता



हापुड़। हापुड़ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रही भाजपा प्रत्याशी डॉ सोमती केन का हापुड़ गढ़ रोड पर स्थित गौशाला के बराबर व किशनगंज के सामने मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल,हापुड़ सदर विधायक ? विजयपाल आढती, जिला अध्यक्ष उमेश राणा, पूर्व नगर पालिका चेयरमैन प्रफुल्ल सारस्वत की मौजूदगी में फीता काटकर डॉ सोमती केन अध्यक्ष पद प्रत्याशी पति डॉ नरेंद्र केन व अन्य भाजपा पदाधिकारीगण के सम्मुख पूर्ण विधि विधान और यज्ञ के उपरांत हुआ भाजपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ। वही सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र पार्टी है जिसने सदैव सत्ता को सेवा मार्ग मानकर केंद्र व प्रदेश के साथ-साथ हापुड़ में भी दो बार से भारतीय जनता पार्टी का चेयरमैन हापुड़ की जनता ने चुना है पीएम व सीएम के सपने को साकार कर विकास करना है हापुड़ नगर के साथ-साथ जनपद में कमल का फूल खिलेगा वही हापुड़ सदर विधायक विजयपाल आढती ने कहा कि जनता का जीत रूपी आशीर्वाद भाजपा को मिलेगा तथा मीडिया से रूबरू होते हुए भाजपा अध्यक्ष पद प्रत्याशी डॉक्टर सोमती ने बताया कि शहर के चौमुखी विकास के लिए सभी वार्ड में साफ सफाई,टूटी नाली आधे अधूरे पड़ी सड़कों का निर्माण कर बिजली व पानी से संबंधित लोगों की समस्याओं को समाधान कर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिलाना आदि प्राथमिकताएं रहेंगी वही आवारा पशुओं को लेकर प्रसन्न करने पर डॉक्टर सोमती कैन ने बताया है कि शहर से इन्हें भी पकड़वा कर इनके स्थान पर भेजने का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर हुण पुनीत गोयल जिला महामंत्री, श्यामइंद्र त्यागी,मोहन सिंह भूमि विकास बैंक चेयरमैन योगेंद्र चौधरी, प्रवीण सिघल विनीत दीवान,अमित त्यागी,लोकेश कैन, मनोज तोमर दिनेश त्यागी वे जिला मीडिया प्रभारी संयुक्त वशिष्ठ आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सफाई अभियान बीच में ही छोड़ दिया गया ठेकेदारों की नाकामी



संवाददाता

हापुड़। जनपद हापुड़ के गांव अटूटा से जहां सिंचाई विभाग ने अभी 20 दिन पूर्व सफाई अभियान चलाया था जिसे बीच में छोड़ दिया गया है जो मेन रोड है वही तक सफाई कराके ठेकेदारों ने काम दिखा दिया है पहले भी यही हुआ था कि जगह जगह साफ करके कागजों में पूरा दिखा दिया गया था हमने खुद जाकर देखा है तस्वीरे आपके सामने है ये लोग सरकार को चुना लगा रहे हैं ये नाला जिन जिन गांवों से होकर गुजरता है वहा पर मच्छर बहुत ज्यादा पैदा होता है जिसे लोगो को बीमारियों का सामना करना पड़ता है लेकिन इन ठेकेदारों पर कोई फर्क नहीं पड़ता है जैसे की हमे सूत्रो के जानकारी मिली थी की दो ठेकेदारों पर इसका टेंडर है ।

## रीढ की हड्डी में फ्रैक्चर से पिडीत एक 47 वर्षीय व्यक्ती को मिला नया जीवन, कानपुर के अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल में हुई जटिल सर्जरी

संवाददाता, कानपुर। सीढ़ियों से गिरने के कारण रीढ की हड्डी में फ्रैक्चर हुए एक 47 वर्षीय व्यक्ती पर स्पाइन फिक्सेशन सर्जरी करने में कानपुर के अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल के डॉक्टरों को सफलता हासिल हुई हैं। सर्जरी के बाद अब यह मरीज फिर से अपने पैरों पर खडा हुआ हैं और चल सकता हैं। अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल के स्पाइन सर्जन डॉ. अंकुर गुप्ता के नेतृत्व में एक डॉक्टर की टीम ने यह सर्जरी की हैं। कानपुर में रहने वाले राजेश यादव अचानक सीढ़ियों से गिर गए और उनकी गर्दन में चोट लग गई और वह चल नहीं पा रहे थे। परिवार के लोगों ने उन्हें तुरंत अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल दाखिल किया। कानपुर के अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल के स्पाइन सर्जन डॉ. अंकुर गुप्ता ने कहाँ की, ष्मरीज को अस्पताल लाया गया तब वह चल नहीं पा रहे थे। उनकी रीढ की हड्डी टूट कर दब गई थी। इसलिए हमने तुरंत सर्वाइकल स्पाइन फिक्सेशन सर्जरी कराई।'' डॉ. गुप्ता ने कहा की, ष्मरीज को लकवा मारने से पहले उसकी रीढ की हड्डी को ठीक करना काफी जरूरी हैं। सर्जरी के दौरान सर्वाइकल स्पाइन में स्क्रू और रॉड लगाए गए। यह सर्जरी गर्दन के पीछे से की गई थी और उनकी टूटी हुई रीढ़ को ठिक किया गया। यह सर्जरी लगभग 3 घंटे तक चली। सर्जरी के दुसरे ही दिन मरीज फिर से अपने पैरों पर चलने लगा। 2 दिन बाद मरीज को सेहत में सुधार देखकर उसे डिस्चार्ज दिया गया।'' मरीज राजेश यादव ने कहां की, सीढ़ियों से गिरने के बाद मैं बेहोश हो गया था और मुझे समझ नहीं आ रहा था कि मेरे आसपास क्या हो रहा है। अस्पताल में जब मैंने आंख खोली तो मुझे बहुत दर्द हो रहा था। लेकिन डॉक्टरों ने मुझपर तुरंत इलाज कराके मुझे नई जिंदगी दी हैं। मुझे फिर से अपने पैरों पर खड़े होने और पहले की तरह चलने में मदद करने के लिए मैं डॉक्टरों की टीम का शुक्रिया अदा करता हुं। और मैं सभी से आगाह करता हूं की सीढ़ियों का उपयोग करते समय अत्यधिक सावधानी बरतें।

# मैलहन झील के सुंदरीकरण की उम्मीद जगी

संवाददाता



प्रयागराज। मैलहन झील से निकली वरुणा नदी जो प्रयागराज भदोही वाराणसी के कई गांव से होती हुई अस्सी घाट वाराणसी में गिरती है और गंगा नदी में समाहित हो जाती है।

इस पौराणिक नदी की उत्पत्ति हेतु कई गांव के लोगों ने मैलहन झील में बहुत बड़ा यज्ञ किया था। कथित रूप से तब वरुणा की उत्पत्ति हुई। इसी के नाम पर फूलपुर जौनपुर मार्ग पर बरुणा बाजार और वहीं पर वरुणेश्वर महादेव का मंदिर बना जो आस्था का केंद्र है। हर वर्ष मेला लगने लगा। अब वर्तमान सरकार ने वर्ष 2008 में तत्कालीन कमिश्नर द्वारा मैलहन झील के सुंदरीकरण और मैलहन से बनारस तक नदी की खुदाई व सफाई का जो खाका दर्जनों गांव के प्रतिनिधियों के बीच बैठकर तैयार किया था वह अब साकार होने को है। प्रदेश सरकार की पहल पर वर्षों से इस का सर्वेक्षण चल रहा है। अभी छः माह पहले इजराइल की टीम ने आकर सर्वे सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ किया था। अब बीती शाम बुधवार को डेनमार्क यूरोप की टीम ने शिशिर गौर प्रोफेसर आई आई टी वाराणसी की टीम तथा डेनमार्क यूरोप की टीम द्वारा संयुक्त रूप से वाराणसी से मैलहन के उदगम स्थल तक सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ पूरे प्रोजेक्ट का सर्वेक्षण किया। प्रयागराज शारदा सहायक खंड 39 के सहायक अभियंता बसंत लाल अपनी टीम के साथ लगे रहे और प्रोजेक्ट की पूरी जानकारी आए हुए अतिथियों को दी।

# कांग्रेस प्रत्याशी आदिशक्ति दीक्षित का कांग्रेस जनों द्वारा स्वागत किया गया

संवाददाता




बांदा। कांग्रेस जनों से पूरी तरह खचाखच भरे इन्दिरा गांधी सभागार, कांग्रेस कार्यालय, स्टेशन रोड, बांदा में बांदा नगर पालिका परिषद चेयरमैन पद की कांग्रेस प्रत्याशी आदिशक्ति दीक्षित पत्नी राजेश दीक्षित का जिला शहर कांग्रेस जनों द्वारा स्वागत किया गया तथा सभी सभासद पद के वार्डों के प्रत्याशियों को भी सम्मान करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे ने विश्वास दिलाया कि उन्हें हौसले के साथ चुनाव प्रचार अभियान में जुट जाना है, हम कांग्रेस जन उनके साथ हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस जन एवं कांग्रेस समर्थकों के हौसले बुलंद हैं, क्योंकि उन्हें चेयरमैन पद के लिए सशक्त प्रत्याशी आदिशक्ति दीक्षित मिली है। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए आदिशक्ति दीक्षित ने कहा वह कांग्रेस झंडे के नीचे काम करते हुए जनसेवा का इरादा रखती रहीं हैं। उन्हें मौका मिला है वह बांदा शहर के विकास के लिए पूरी तत्परता एवं तन्मयता से काम करेगी। तथा कोई भी किसी भी कांग्रेस जन की समस्या होगी उसकी आवाज उठाएंगी तथा न्याय के लिए संघर्ष करेगी। बांदा शहर को भव्यता प्रदान करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। राजेश दीक्षित पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कोई भी कार्यकर्ता मायूस नहीं होगा, किसी भी वक्त उनके पास कोई भी समस्या लेकर आएगा तो मैं उनके साथ हूं उसके लिए लड़ूंगा साथ खड़ा रहूंगा। तथा बांदा स्वच्छ हो सुंदर बने इसके लिए पूरा प्रयास करुंगा।

## अतीक के वकील हनीफ को पुलिस ने लिया 14 दिनों के लिये रिमांड पर

संवाददाता



प्रयागराज। अतीक अहमद के करीबी और वकील खान शौलत हनीफके रिमांड के लिये पुलिस को मंजूरी मिल गयी है। पुलिस ने उमेश पाल हत्याकांड पूछताछ के लिए 14 दिनों की पुलिस रिमांड की मांग किया था। इस मामले में खान शौलत हनीफ की भूमिका संदिग्ध रही है। इससे पहले उमेश पाल अपहरण कांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं शौलत हनीफको गुरूवार को सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। रिमांड पर 12:30 से सुनवाई शुरू हुई थी। विशेष सुरक्षा व्यवस्था के बीच खान शौलत हनीफको सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। जहां कोर्ट ने लगभग 2 बजे सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित किया। उसके बाद खान शौलत हनीफको 14 दिनों की न्यायिक हिरासत पर भेजा गया है। आरोपी के घर से अतीक अहमद के कई बेनामी संपत्ति और अन्य मामलों के दस्तावेज बरामद हुए थे।

## नगर पंचायत कबरई से भाजपा के समर्थन में निर्दलीय प्रत्याशी ने वापस लिया पर्चा

संवाददाता, महोबा। नगर निकाय चुनाव को लेकर गुरुवार को प्रत्यशियों के नाम वापसी का दिन था। जिसमें कबरई नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए पर्चा दाखिल करने वाले एक निर्दलीय प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापस ले लिया। कबरई नगर पंचायत अध्यक्ष पद हेतु 11 लोगों ने अपना पर्चा दाखिल किया था। इस बार निकाय चुनाव में भाजपा ने टिकट वितरण में भाजपा के निवर्तमान चेयरमैन मूलचन्द्र कुशवाहा की पत्नी को टिकट न दे सियारानी प्रजापति को टिकट दे दिया था। जिससे नाराज होकर मूलचन्द्र कुशवाहा की पत्नी सावित्री कुशवाहा ने 24 अप्रैल को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया था। लेकिन आज भाजपा शीर्ष नेतृत्व व भाजपा के कबरई मण्डल अध्यक्ष हुकुम सिंह के आग्रह पर मूलचन्द्र कुशवाहा की पत्नी सावित्री कुशवाहा ने अपना पर्चा वापस कर लिया। मीडिया से बातचीत में निवर्तमान चेयरमैन मूलचन्द्र कुशवाहा ने कहा कि उन्होंने भाजपा शीर्ष नेतृत्व व भाजपा मण्डल अध्यक्ष हुकुम के कहने पर भाजपा प्रत्याशी सियारानी प्रजापति के समर्थन में पर्चा वापस कर लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के बदौलत नगर निकाय चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत से विजयी होगी।

# मेधावियों एवं शिक्षिकाओं का हुआ सम्मान

### प्रधानाचार्या शशि बाला चौधरी ने पुरस्कार देकर किया सम्मानित



संवाददाता, प्रयागराज। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कटरा में मेधावी छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित हुआ।जिसमें कक्षा 6 से 12 की छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग के साथ ही कक्षा एवम विद्यालय में प्रथम प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाली छात्राएं शामिल रहीं।प्रधानाचार्या शशि बाला चौधरी ने कक्षा 6 से 12 की कक्षा में अच्छे अंको से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इन मेधावियों के साथ ही हाई स्कूल की हंड्रेड परसेंट छात्राओं को यूपी बोर्ड में सफलता प्राप्त करने हेतु कक्षा अध्यापिका अल्पना सहाय एवं सीमा चौधरी को भी पुरस्कार के साथ सम्मानित किया गया। प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाली छात्रा कक्षा 6 की मुस्कान सिद्धकी कक्षा 7 के रत्नप्रिया कक्षा 8 की अदा बानो कक्षा 9 के अनुष्का चतुर्वेदी कक्षा 10 के शचि शुक्ला,90.16 कक्षा 11बी की स्वप्निल चौधरी कक्षा 11अ श्रेया यादव12 बी की श्रुति सिंह 82.प्रतिशत,12अ गरिमा तिवारी 72 प्रतिशतसाथ ही इस कार्यक्रम समस्त शिक्षिकाएं उपस्थित रही।कार्यक्रम का संयोजन बीना गौतम एवं तृषा भट्टाचार्या ने किया।

## मुविवि की कुलपति प्रो.सीमा सिंह इंटरनेशनल अवॉर्ड से सम्मानित

संवाददाता



प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.सीमा सिंह को गुरुवार को स्वामी विवेकानंद सुभारती यूनिवर्सिटी मेरठ में इंटरनेशनल अवार्ड फॉर वुमन आइकॉन– 2023 से सम्मानित किया गया। प्रोफेसर सिंह को यह सम्मान आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन केन्द्र स्वामी विवेकानंद सुभारती यूनिवर्सिटी मेरठ एवं काउन्सिल फॉर एजुकेशनल एडमिनिस्ट्रेशन एंड मनेजमेंट ( सी ई ए एम) भारत के संयुक्त तत्वावधान में फ्यूचरिस्टिक ट्रेंड्स टू एजुकेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट इन ग्लोबल सिनेरियो विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस के उद्घाटन अवसर पर गुरुवार को प्रदान किया गया। विदित है कि प्रो. सिंह शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं के शैक्षणिक उत्थान के लिए कई वर्षों से कार्य कर रही हैं। विगत दो वर्षों से उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के कुलपति पद पर कार्य करते हुए प्रोफेसर सिंह ने मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। नवाचारी व्यवहार तथा शोध एवं विकास के क्षेत्र में प्रोफेसर सिंह ने मुक्त विश्वविद्यालय को देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों की पंक्ति में खड़ा करने में सफलता हासिल की है। प्रोफेसर सिंह के प्रयासों से ही मुक्त विश्वविद्यालय में रेगुलर मोड में शोध कार्य प्रारंभ हो सका। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रो.सिंह को मिले इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्रों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# हाई स्कूल में नसरा व इन्टर में पूजा को मिले 92 प्रतिशत अंक

संवाददाता, प्रयागराज। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा मंगलवार को हाईस्कूल व इण्टर का परिक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें क्षेत्र के ईशा पब्लिक स्कूल बाबूगंज की छात्रा नसरा अंसारी ने हाईस्कूल में 92.66 प्रतिशत अंक व बालक वर्ग में हर्षित ने 91 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय का मान बढ़ाया वहीं इण्टरमीडिएट बालिका वर्ग में पूजा गुप्ता ने 92 प्रतिशत व बालक वर्ग में ज्ञानसिंह यादव ने 82 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय के टापर बने। विद्यालय के प्रबंधक विजय पाल ने बताया कि विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर जहां विद्यालय का नाम रोशन किया है वहीं अपने माता पिता व गुरूजनो का सम्मान बढ़ाया है। छात्र छात्राओं की सफलता से विद्यालय परिवार ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के अन्य छात्र सौम्या यादव,मोहम्मद सुहेल, रिचा तिवारी, सिमरन सिंह चौहान, संजना गुप्ता, निधि पटेल, तनु कुशवाहा, तनु पटेल, महिमा यादव, साक्षी, नाजरीन, दिशा पटेल, अरीबा, इसरार,सुधांशु कुशवाहा,ज्योति यादव, आदित्य मिश्रा, प्रियांशु कुशवाहा, रौनक मिश्रा, संतोष कनौजिया, अतुल जायसवाल, मोहम्मद महफूज, मोहम्मद अयान, अयान अली, प्रांजल सिंह, तरुण यादव, अंशुमान सिंह, सुजीत पटेल,अंशुमान यादव, करण चौरसिया, विनय पाल आदि ने भी सर्वोच्च अंक पाकर जहां विद्यालय का गौरव बढ़ाया वही इंटरमीडिएट में नूर्वी सुल्ताना, मेहविश फातिमा, नंदिनी सिंह चौहान, वजीहा फातिमा, महाविस इदरीसी, साबरीन बानो, साक्षी केसरवानी, दिपाली चौधरी,साक्षी यादव व बालक वर्ग में ज्ञान सिंह यादव , निखिल यादव, मोहम्मद फैसल ,कैफ दीपक पाल,रिशि मौर्य, अफजल आदि ने इण्टर मीडिएट में सर्वोच्च अंक प्राप्त किया।



CMYK

# कच्चे तेल की कीमतें गिरी




एजेंसी, नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आज गिरावट देखी जा रही है। डब्लयटीआई क्रूड 0.32 डॉलर या 0.41 फीसदी गिरकर 77.58 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है। वहीं, ब्रेंट क्रूड 0.25 डॉलर या 0.31 फीसदी की गिरावट के साथ 81.41 पर पर ट्रेड कर रहा है। देश में तेल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के ताजा रेट जारी कर दिए हैं। भारत में हर सुबह 6 बजे ईंधन के दामों में संशोधन किया जाता है। जून 2017 से पहले कीमतों में बदलाव हर 15 दिन के बाद किया जाता था। हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल 59 पैसे, मध्य प्रदेश में 57 पैसे, पश्चिम बंगाल में 42 पैसे और उत्तर प्रदेश में 33 पैसे महंगा हुआ है। इन राज्यों में डीजल की कीमतों में क्रमश: 52 पैसे, 52 पैसे, 39 पैसे और 33 पैसे की वृद्धि है। वहीं, पंजाब में पेट्रोल 52 पैसे, बिहार में 43 पैसे और राजस्थान में 37 पैसे सस्ता हुआ है। यहां डीजल 50 पैसे, 40 पैसे और 34 पैसे सस्ता हुआ है। इसके अलावा भी कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल के दाम में गिरावट है। महानगरों में ईंधन के दाम में कोई बदलाव नहीं है। सुबह 6 बजे हर दिन पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव होता है और नए रेट जारी किए जाते हैं। पेट्रोल व डीजल के दाम में एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमीशन, वैट और अन्य चीजें जोडने के बाद इसकी कीमत मूल भाव से लगभग दोगुना हो जाती है। यही कारण है कि पेट्रोल-डीजल हमें इतना महंगा खरीदना पडता है।

# चीन से निपटने के लिए ऑस्ट्रेलिया ने रक्षा तंत्र में बडे बदलाव की योजना बनाई



एजेंसी, कैनबरा। चीन के बढते प्रभुत्व और आक्रमकता पर लगाम कसने के लिए ऑस्ट्रेलिया ने रक्षा तंत्र में बडे बदलाव की योजना बनाई है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस ने बताया कि उनकी सरकार ने यह पता लगाने के लिए समीक्षा की है कि ऑस्ट्रेलिया के पास मौजूदा रणनीतिक माहौल में खुद को बचाने के लिए आवश्यक रक्षा क्षमता है या नहीं। एक सरकारी आयोग की सोमवार को जारी एक समीक्षा के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया को रक्षा पर अधिक पैसा खर्च करने, अपने स्वयं के गोला-बारूद बनाने और लंबी दूरी के लक्ष्यों को भेदने की क्षमता विकसित करने की जरूरत है। रक्षा सामरिक समीक्षा में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और ब्रिटेन के बीच तथाकथित 'ऑकस साझेदारी का समर्थन किया गया जिसने मार्च में अमेरिकी परमाणु प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित आठ पनडुब्बियों का एक ऑस्ट्रेलियाई बेडा बनाने के लिए एक समझौते की घोषणा की थी। अल्बनीस ने कहा, ''हम समीक्षा में निर्धारित रणनीतिक दिशा और प्रमुख निष्कर्षों का समर्थन करते हैं, जो हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेगा और भविष्य की चुनौतियों के लिए हमारी तैयारी सुनिश्चित करेगा। इस गोपनीय समीक्षा के सार्वजनिक संस्करण में सिफारिश की गई कि ऑस्ट्रेलिया की सरकार सकल घरेलू उत्पाद के दो प्रतिशत के वर्तमान व्यय की तुलना में रक्षा पर अधिक खर्च करे। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल की लंबी दूरी के लक्ष्यों को सटीक रूप से मारने की क्षमता में सुधार किया जाए और घरेलू स्तर पर युद्ध सामग्री का निर्माण किया जाए। समीक्षा रिपोर्ट में कहा गया कि द्वितीय विश्व युद्ध के अंत के बाद से चीन की सेना का विस्तार '' किसी भी देश की तुलना में सबसे अधिक है और यह ''हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के रणनीतिक इरादे में पारदर्शिता या आश्वासन के बिना हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच दशकों से ऑस्ट्रेलिया की रक्षा नीति का मकसद छोटे या मध्यम-शक्ति वाले पडोसियों से संभावित निम्न-स्तर के खतरों को रोकना और उनका जवाब देना था। समीक्षा में कहा गया, ''यह रुख अब और काम नहीं आएगा। रिपोर्ट में कहा गया कि ऑस्ट्रेलिया की सेना, वायु सेना तथा नौसेना को ''समय पर तथा प्रासंगिक क्षमता प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

## बैक ऑफ महाराष्ट्र का चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 840 करोड रुपये पर




एजेंसी, नयी दिल्ली । सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का शुद्ध लाभ 31 मार्च को समाप्त बीते वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में दोगुना से अधिक होकर 840 करोड रुपये पर पहुंच गया। फंसे कर्ज में कमी और ब्याज आय में बढोतरी से बैंक का मुनाफा बढा है। बीओएम ने सोमवार को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष यानी 2021-22 की मार्च तिमाही में बैंक ने 355 करोड रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। बैंक की कुल आय भी आलोच्य तिमाही में 3,949 करोडघ् रुपये से बढकर 5,317 करोड रुपये हो गई। इस दौरान उसकी ब्याज आय भी बढकर 4,495 करोड रुपये रही। एक साल पहले की इसी अवधि में यह 3,426 करोड रुपये थी। बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) 31 मार्च, 2023 तक घटकर कुल ऋण का 2.47 प्रतिशत रहीं। 31 मार्च, 2022 तक यह 3.94 प्रतिशत पर थीं। ए एस राजीव ने संवाददाताओं से कहा कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (एमपीएस) मानदंडों को पूरा करने के लिए चालू वित्त वर्ष (2023-24) की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान बैंक की शेयर बिक्री के जरिये 1,000 करोड रुपये जुटाने की योजना है। उन्होंने कहा कि बाजार की स्थिति के आधार पर अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) या पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) से 1,000 करोड रुपये और जुटाए जाएंगे। बैंक पिछली तिमाही (जनवरी-मार्च) में ही 1,000 करोड रुपये की शेयर बिक्री योजना के साथ तैयार था लेकिन बाजार में अनिश्चितता के वह इसे अमलीजामा नहीं पहना सका। उन्होने कहा कि हिस्सेदारी बिक्री के बाद बैंक में सरकार की हिस्सेदारी घटकर 83-84 प्रतिशत रह जाएगी।

## एयर इंडिया ने डिजिटल प्रणाली के आधुनिकीकरण के लिए 20 करोड डॉलर का निवेश किया



एजेंसी, नयी दिल्ली। एयर इंडिया ने कहा कि उसने एयरलाइन की डिजिटल प्रणाली के आधुनिकीकरण के लिए 20 करोडघ् डॉलर का शुरुआती निवेश किया है। कंपनी ने बताया कि आधुनिकीकरण के तहत चौटजीपीटी संचालित चौटबॉट और कई अन्य पहल को अमलीजामा पहनाया जाएगा। एयरलाइन ने 'विहान डॉट एआई' नाम से एक रूपांतरण कार्यक्रम भी शुरू किया है। एयर इंडिया ने बयान में कहा कि उसकी डिजिटल प्रणाली को आधुनिक बनाने के प्रयासों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। कई पहल पहले ही पूरी हो चुकी हैं और कई पर काम जारी है। पहले ही नयी डिजिटल प्रणाली, डिजिटल इंजीनियरिंग सेवाओं और कुशल डिजिटल कार्यबल के लिए लगभग 20 करोड डॉलर का निवेश कर चुकी है। बयान के अनुसार, कंपनी को उम्मीद है कि अगले पांच साल के दौरान निवेश की यह गति बरकरार रहेगी। इसके तहत पारंपरिक डिजिटल तकनीकों से लेकर आधुनिक कृत्रिम मेधा तक, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को लागू किया जाएगा। ग्राहकों से बेहतर जुडाव के लिए एयरलाइन वेबसाइट और मोबाइल ऐप के आधुनिकीकरण, उपयोगकर्ता के अनुकूल ग्राहक सूचना प्रणाली, चौटजीपीटी संचालित चौटबॉट और उडान में आधुनिकी मनोरंजन प्रणाली पर काम कर रही है।

## शॉपिंग मॉल परिचालकों की आय चालू वित्त वर्ष में सात-नौ प्रतिशत बढने की उम्मीद

एजेंसी, नयी दिल्ली। खुदरा खपत में बढोतरी और संपत्तियों के किराये में वृद्धि से शॉपिंग मॉल परिचालकों की आय चालू वित्त वर्ष में सात-नौ प्रतिशत बढने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने यह अनुमान जताया है। क्रिसिल ने बयान में कहा, चालू वित्त वर्ष में खुदरा बिक्री में तेजी और बेहतर किराया मिलने से मॉल परिचालकों की कमाई में सात से नौ प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। यह कोविड-पूर्व या वित्त वर्ष 2019-20 के राजस्व का लगभग 125 प्रतिशत होगा। एजेंसी ने बताया कि बीते वित्त वर्ष कोविड संबंधी अंकुश हटाए जाने के बाद से मॉल में आने वाले लोगों की संख्या में खासी वृद्धि हुई है और राजस्व 60 प्रतिशत वृद्धि के साथ कोविड-पूर्व के स्तर का 116 प्रतिशत हो गया है।

## वेदांता रिसोर्सेज ने अपने कुल कर्ज के बोझ को एक अरब डॉलर घटाया

एजेंसी, नयी दिल्ली। वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड ने अपने कुल कर्ज में एक अरब डॉलर की कटौती करने के लिए अपने सभी परिपक्व हो रहे कर्ज और बॉन्ड का भुगतान कर दिया है। वेदांता लिमिटेड की मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड ने सोमवार को यह जानकारी दी। फरवरी, 2022 में कर्ज चुकाने में तेजी लाने की घोषणा के बाद से कंपनी अपने कर्ज में तीन अरब डॉलर की कमी ला चुकी है। कंपनी की योजना तीन साल में चार अरब डॉलर का कर्ज कम करने की है। कंपनी ने बयान में कहा, वेदांता ने अपने लक्ष्य का 75 प्रतिशत सिर्फ14 माह में पूरा कर लिया है। कंपनी का कुल कर्ज फिलहाल 6.8 अरब डॉलर है, जो मार्च, 2023 में 7.8 अरब डॉलर और मार्च, 2022 के अंत में 9.7 अरब डॉलर था।

## ऋण वृद्धि 2023-24 में घटकर 10 प्रतिशत तक रहने का अनुमान

एजेंसी, मुंबई । देश में कर्ज वृद्धि की रफ्तार कम हो रही है और गैर-खाद्य ऋण वृद्धि 2023-24 में घटकर 10 प्रतिशत तक रह सकती है। जापानी ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने सोमवार को यह अनुमान जताया। पिछले वित्त वर्ष में यह आंकडा 15 प्रतिशत से अधिक था। नोमुरा ने कहा कि मुख्य रूप से मुद्रास्फीतिक दबाव में कमी और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 5.3 प्रतिशत तक घटने के कारण बैंक ऋण वृद्धि में कमी का अनुमान है। ब्रोकरेज फर्म के विश्लेषकों ने एक रिपोर्ट में कहा, ''हमारा अनुमान है कि ऋण वृद्धि वित्त वर्ष 2022-23 के 15 प्रतिशत से घटकर 2023-24 में 10 प्रतिशत रह जाएगी।'' उन्होंने यह भी कहा कि मौद्रिक सख्ती के मौजूदा दौर में अगर रिजर्व बैंक दरों में 2.50 प्रतिशत से अधिक बढघेतरी करता है, तो ऋण वृद्धि पर प्रभाव पडेगा। ऐसे में खासतौर से आवास ऋण घट सकता है। ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि ऋण वृद्धि पहले ही फरवरी में 16 प्रतिशत और जनवरी में 16.7 प्रतिशत की तुलना में मार्च में घटकर 15.4 प्रतिशत रह गई है।

## राजेश कुमार सिंह ने डीपीआईआईटी के सचिव का पद संभाला

एजेंसी, नयी दिल्ली। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को उद्योग संवर्द्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव का पदभार संभाल लिया। सिंह ने अनुराग जैन का स्थान लिया है जिन्हें हाल में हुए प्रशासनिक फेरबदल में सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में सचिव नियुक्त किया गया है। डीपीआईआईटी से पहले सिंह पशुपालन एवं डेयरी विभाग में सचिव के पद पर कार्यरत थे। वह केरल कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सिंह के डीपीआईआईटी के सचिव का पद संभालने की सूचना देते हुए कहा कि वह इसके पहले कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। सिंह ऐसे समय में डीपीआईआईटी की प्रशासनिक जिम्मेदारी संभाल रहे हैं जब वाणिज्य मंत्रालय घरेलू विनिर्माण को बढघवा देने के साथ विदेशी निवेश आकर्षित करने की पुरजोर कोशिश में लगा हुआ है।

# मोहम्मद शहाबुद्दीन ने बांग्लादेश के 22वें राष्ट्रपति के रूप में ली शपथ



एजेंसी, ढाका। बांग्लादेश के वरिष्ठ नेता मोहम्मद शहाबुद्दीन ने एक राजकीय समारोह में बांग्लादेश के 22वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। इस समारोह में प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने शिरकत की। स्पीकर शिरीन शर्मिन चौधरी ने 'बंगभवन के ऐतिहासिक दरबार हॉल में 73 वर्षीय शहाबुद्दीन को शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री हसीना और नए राष्ट्रपति के परिवार के सदस्यों के अलावा, नेताओं, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों और वरिष्ठ असैन्य एवं सैन्य अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। शहाबुद्दीन, अब्दुल हमीद का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल रविवार को समाप्त हो गया। शपथ ग्रहण समारोह के बाद शहाबुद्दीन ने राष्ट्रपति पद के शपथ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। उन्हें सत्तारूढ अवामी लीग के उम्मीदवार के रूप में इस साल फरवरी में निर्विरोध राष्ट्रपति चुना गया था। राष्ट्रपति का कार्यालय विशेष रूप से आम चुनावों के दौरान अतिरिक्त ध्यान आकर्षित करता है क्योंकि राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की नियुक्ति करता है और देश का संवैधानिक संरक्षक बन जाता है। चुनाव प्रणाली को लेकर सत्तारूढ अवामी लीग और मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के बीच बढघ्ते मतभेदों के बीच बांग्लादेश में दिसंबर या अगले साल जनवरी में आम चुनाव होने वाले हैं। पिछले हफ्ते मीडिया में दिए साक्षात्कार में निचली अदालत के न्यायाधीश, शहाबुद्दीन ने कहा था कि मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करने के मकसद से माहौल बनाना काफी हद तक निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है और उन्होंने स्वतंत्र संवैधानिक निकाय से अपनी उचित भूमिका निभाने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि अपना पदभार ग्रहण करने के बाद वह राजनीतिक स्थिति की समीक्षा करेंगे और यह आकलन करेंगे कि क्या उन्हें राजनीतिक दलों के बीच विवादों को कम करने में कोई भूमिका निभाने की जरूरत है।

## कर अधिकारियों ने विदेशी ऑनलाइन सट्टा, जुआ कंपनियों की कर चोरी पकडी



एजेंसी, नयी दिल्ली। ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ खिलाने वाली विदेशी कंपनियों द्वारा जीएसटी कानून के उल्लंघन की जानकारी कर अधिकारियों को मिली है। ये कंपनियां भारतीय नागरिकों को मोबाइल ऐप के जरिये इस तरह की सेवाएं मुहैया करा रही हैं। तय प्रक्रिया के अनुसार, भारत में सेवाएं देने वाली सभी विदेशी कंपनियों को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कानून के तहत पंजीकरण करना आवश्यक है। यह पंजीकरण ओआईडीएआर (ऑनलाइन सूचना भंडार पहुंच एवं पुनर्प्राप्ति) सेवाओं के आपूर्तिकर्ता के रूप में किया जाता है। सूत्र के अनुसार, देश में ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए के लिए मंच मुहैया करने वाली कई विदेशी कंपनियां ऐसी हैं, जो जीएसटी के तहत पंजीकृत नहीं हैं और इसलिए वे कर का भुगतान नहीं कर रही हैं। सूत्र ने पीटीआई-भाषा को बताया, ''हालांकि, भारत में ऑनलाइन शिक्षा संबंधी सेवाएं देने वाली कई विदेशी शैक्षणिक संस्थाएं ओआईडीएआर के रूप में पंजीकृत हैं, लेकिन ऑनलाइन गेमिंग, सट्टेबाजी और जुए के लिए मंच मुहैया कराने वाली कंपनियां जीएसटी के तहत पंजीकृत नहीं हैं। हम ऐसे मामलों पर विचार कर रहे हैं और उन्हें जीएसटी के दायरे में लाने की उम्मीद है।''

# धोखेबाज पाकिस्तान उठा रहा जंग का फायदा

## रूस से खरीद रहा सस्ता तेल, यूक्रेन को बेच रहा हथियार

### पूर्व पीएम अब्बासी की चेतावनी, पाकिस्तान के हालात खराब, सत्ता पर सेना कर सकती कब्जा



एजेंसी,इस्लामाबाद। धोखेबाज पाकिस्तान का दोगलापन एक बार फिर दुनिया के सामने उजागर हो गया है। रूस-यूक्रेन जंग का फायदा उठा कर पाकिस्तान दोहरी गेम खेल रहा है। एक तरफ पाकिस्तान एक समझौते के तहत रूस से रियायती कच्चा तेल खरीद रहा है और दूसरी तरफ उसके खिलाफ यूक्रेन को हथियार बेच रहा है। पाक ने रूसू कच्चे तेल का अपना पहला ऑर्डर दे दिया है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन युद्ध के कारण मॉस्को अब अपने तेल को पश्चिमी बाजारों में नहीं बेच पा रहा है। ऐसे में पाकिस्तान के साथ हुई यह डील उसे एक नया मार्केट देगी। पाकिस्तान के पेट्रोलियम राज्य मंत्री मुसादिक मलिक ने इसकी जानकारी दी है। मई में कराची बंदरगाह पर रूसी तेल का एक कार्गो डॉक कर सकता है। इससे पहले संकटग्रस्त पाकिस्तान को रूस से गेहूं की अहम मदद भी मिल चुकी है लेकिन बदले में वह यूक्रेन को गोला-बारूद भेज रहा है। पाकिस्तान विदेशी मुद्रा भंडार के गंभीर संकट का सामना कर रहा है ऐसे में रूसी कच्चा तेल उसे एक बडी राहत प्रदान करेगा। देश के बाहरी भुगतानों का एक बडा हिस्सा ऊर्जा आयात में खर्च होता है। मलिक ने बुधवार रात को रॉयटर्स को बताया कि यह डील के तहत पाकिस्तान सिर्फकच्चा तेल खरीदेगा। अगर पहला लेनदेन सुचारू रूप से हो जाता है तो आयात प्रति दिन 1,00,000 बैरल तक पहुंचने की उम्मीद है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार पाकिस्तान ने 2022 में प्रति दिन 1,54,000 बैरल तेल का आयात किया। ज्यादातर कच्चे तेल की सप्लाई सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात की ओर से की गई। अगर रूसी कच्चे तेल की सप्लाई प्रति दिन 1,00,000 बैरल तक पहुंच जाती है तो यह पाकिस्तान के खाडी आपूर्तिकर्ताओं के लिए संभावित बडी गिरावट होगी। पाकिस्तानी मंत्री ने यह नहीं बताया कि क्या चीनी युआन और यूएई दिरहम को लेनदेन के लिए मुद्राओं के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा क्योंकि देश डॉलर की कमी का सामना कर रहा है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शाहिद खाकान अब्बासी ने चेतावनी दी है कि देश के आर्थिक और राजनीतिक हालात इतने खराब हैं कि इसमें सेना के सत्ता पर काबिज होने की आशंका है। वहीं, अब्बासी ने सभी हितधारकों को आगे का रास्ता निकालने के लिए वार्ता शुरू करने का आग्रह किया। यह जानकारी रविवार को मीडिया में प्रकाशित खबरों से मिली। देश में सत्तारूढ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के वरिष्ठ नेता अब्बासी ने अगस्त 2017 से मई 2018 तक पाकिस्तान के 21वें प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया था। उन्होंने एक टेलीविजन कार्यक्रम में कहा कि अगर व्यवस्था विफल हो जाती है या जब संस्थानों के बीच संघर्ष होता है और राजनीतिक नेतृत्व आगे बढने में असमर्थ होता है, तो सेना के सत्ता पर काबिज होने की आशंका बनी रहती है। चौंसठ वर्षीय अब्बासी ने कहा, ''पाकिस्तान में इसी तरह की स्थितियों में लंबे समय तक 'मार्शल लॉश् रहा है।' डॉन अखबार ने उनके हवाले से कहा, ''वास्तव में, मैं कहूंगा कि पाकिस्तान में इससे पहले इतने गंभीर आर्थिक और राजनीतिक हालात कभी नहीं हुए हैं। इससे बहुत कम गंभीर परिस्थितियों में, सेना ने सत्ता की कमान संभाली है। पाकिस्तान के इतिहास में लगभग आधे समय तक में सैन्य जनरल द्वारा प्रत्यक्ष रूप से शासन किया गया है। अब्बासी ने चेतावनी दी कि यदि समाज और संस्थानों के बीच टकराव बहुत गहरा हुआ, तो ऐसी स्थिति में देश की सेना दखल दे सकती है। हालांकि, पीएमएल-एन नेता ने उम्मीद जताई कि सेना मार्शल लॉ लगाने के विकल्प पर विचार नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि सेना उस पर विचार कर रही है, लेकिन जब उनके पास कोई विकल्प नहीं बचता है, तो सेना देश की सत्ता पर नियंत्रण कायम कर लेती है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के पिछले साल सत्ता से हटने के बाद उनके और सेना के बीच संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं और सेना ने कई बार कहा है कि वह राजनीति से बाहर रहेगी। पाकिस्तान वर्तमान में उच्च विदेशी ऋण और आसमान छूती मुद्रास्फीति से जूझ रहा है। देश के केंद्रीय बैंक ने पिछले सप्ताह कहा था कि पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर चार अरब डॉलर रह गया है।


## बिडला एस्टेट ने मुंबई में आलीशान घर बनाने के लिए भूखंड खरीदा, 600 करोड रुपये के राजस्व लक्ष्य

एजेंसी, नयी दिल्ली। रियल एस्टेट फर्म बिडला एस्टेट ने दक्षिणी मुंबई में एक प्रीमियम आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए जमीन का टुकडा खरीदा है। कंपनी को इस परियोजना से 600 करोड रुपये के बिक्री राजस्व की उम्मीद है। आदित्य बिडला समूह की इकाई बिडला एस्टेट ने हालांकि जमीन के आकार और सौदे की राशि का खुलासा नहीं किया है। कोविड महामारी के बाद घरों की मांग में उछाल को देखते हुए रियल एस्टेट डेवलपर्स अपना व्यापार बढाने के लिए तेजी से भूखंडों का अधिग्रहण करने के साथ-साथ जमीन मालिकों के साथ भागीदारी कर रहे हैं।

## पाकिस्तानी नेता भी भारत के पीएम के मुरीद, विश्व सद्भावना कार्यक्रम में बोले, मोदी है तो मुमकिन है

एजेंसी, मेलबर्न । ऑस्ट्रेलिया में मुसलमानों और ईसाइयों सहित विभिन्न धार्मिक समुदायों के सदस्यों ने मेलबर्न में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सभी समुदायों का सम्मान करने की क्षमता के लिए प्रशंसा की। एनबाईडी फाउंडेशन की एक पहल विश्व सद्भावना कार्यक्रम का आयोजन को ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में बंजिल पैलेस में किया गया था। फाउंडेशन द्वारा भारतीय अल्पसंख्यक फाउंडेशन (आईएमएफ) के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में धार्मिक नेताओं, बुद्धिजीवियों, विद्वानों, प्रचारकों और शोधकर्ताओं ने भाग लिया। इस मौके पर पाकिस्तान के लाहौर से ताल्लुक रखने वाले अहमदिया मुस्लिम समुदाय के एक सदस्य डॉ. तारिक बट ने कहा, मैं अपनी तरफ से व्यक्तिगत रूप से क्या कह सकता हूं... मेरे बहुत सारे भारतीय दोस्त हैं और मैंने उन्हें अब एकजुट होकर कई गतिविधियां करते देखा है। मैं भी उनकी गतिविधियों का हिस्सा रहा हूं। मुझे लगता है कि अब भारतीय और पाकिस्तानी मुसलमानों के बीच सद्भाव व मेलजोल बडा है। हम मतभेदों की तुलना में अधिक समानताएं लाना चाहते हैं।


## राखी सावंत ने बिश्नोई गैंग को दे डाली धमकी, कहा-सलमान खान के लिए अपनी जान कुर्बान कर देंगी



बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान इन दिनों अपनी फिल्म किसी का भाई किसी की जान को लेकर जमकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। दरअसल 4 साल के बाद भाईजान की यह ईद के मौके पर रेलज हुई थी। ऐसे में फिल्म का दर्शकों का भर-भर कर प्यार मिलता हुआ देखा जा रहा हैं। लेकिन इसी बीच सलमान अपने पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब सुर्खियों में बने हुए हैं। जहां सलमान को लगातार डेथ थ्रेट मिल रहे हैं। इसी बीच अब सलमान के बचाव में खुद को उनकी बहन कहने वाली राखी सावंत फिर से कूद पड़ी है। दरअसल हाल ही में राखी सावंत को भी धमकी मिली थी। जहां रिपोर्ट्स की मानें तो लॉरेंस बिश्नोई गैंग के एक सदस्य ने राखी को ईमेल भेजा था जिसमें ये लिखा था कि एक्ट्रेस के साथ कोई लड़ाई नहीं है इसलिए वो सलमान खान के मामले में वो बीच में न आए नहीं तो उनको बहुत प्रॉब्लम हो जाएगी। इस बीच राखी सावंत ने मीडिया से बातचीत की है जिसमें उन्होंने सलमान खान का सपोर्ट किया है। राखी ने कहा, मैं आज ईद के दिन बोल रही हूं साफ-साफ। मेरे भाई को हाथ मत लगाना। भाई की बहन की जान से अगर आप लोगों का पेट भरता है, अगर आपको सुकून मिलता है तो बेशक सलमान खान की बहन हूं राखी सावंत। ले लो मेरी जान। दे दिया। और मेरा गुनाह तुम्हारे सिर पर भी नहीं होगा। जाओ.. अल्लाह-हू-अकबर। राखी सावंत ने आगे कहा, यह बात बहुत गंभीर है ये सभी चीज देखकर मैं बहुत ज्यादा हैरान हूं। मैं हमेशा सलमान भाई के लिए दुआ करती हूं कि उनके साथ कुछ गलत न हो। सिद्धूमूसेवाला के साथ जो कुछ भी हुआ वो भाईजान के साथ नहीं होना चाहिए। बिश्नोई ग्रुप से मेरी से मेरी विनती है कि मैं आपकी बहन की तरह हूं। आप प्लीज गुस्सा मत हो। बताते चलें कि जब राखी से धमकी वाले ईमेल के बारे मे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वो इस बारे में कैमरे के सामने बात नहीं करना चाहती हैं। सलमान खान से उनकी सीक्रेट बातचीत होती है। बता दे की राखी सावंत सलमान खान से बिग बॉस के शो में मिली थी। जहां सलमान भी कई बार राखी की मदद करते हुए नजर आए हैं।

>>> बॉलीवुड <<<

# इस दिन रिलीज होगी सिंघम रिटर्न्स रोहित शेट्टी की फिल्म में धमाल मचाएंगी अजय देवगन की जोड़ी





बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन और एक्शन डायरेक्टर रोहित शेट्टी की जोड़ी एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए तैयार है। रोहित और अजय की जोड़ी जब भी साथ आई है तब-तब इस जोड़ी ने तबाही मचाई है। एक्टर-डायरेक्टर की इस जोड़ी ने अब तक कई हिट फिल्में दी है। साल 2003 में आई फिल्म जमीन के बाद से अजय और रोहित ने साथ में सिंघम और सिंघम रिटर्न्स जैसी सुपरहिट फिल्में दी है। सिंघम और सिंघम रिटर्न्स के बाद अब रोहित शेट्टी अपने फेवरेट एक्टर अजय देवगन संग सिंघम अगेन लेकर आ रहे हैं। सिंघम के तीसरे पार्ट के ऐलान के बाद अब फिल्म की रिलीज डेट को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। बताया जा रहा है कि सिंघम अगेन इस साल अगस्त तक फ्लोर पर आ जाएगी और अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी तय कर ली है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने ट्वीट कर रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनने वाली फिल्म सिंघम अगेन की रिलीज डेट को लेकर जानकारी दी है। उन्होंने अपने ट्वीट में बताया है कि फिल्म पहले साल 2024 दिवाली के मौके पर रिलीज होने वाली थी लेकिन अब फिल्म को पहले ही स्वतंत्रता दिवस 2024 पर रिलीज होगी। देश की आजादी के खास दिन पर मेकर्स श्संघम अगेन को रिलीज करने का फैसला किया है। अब फिल्म 15 अगस्त 2024 को थियेटरों में दस्तक देगी। फिल्म को 15 अगस्त के मौके पर रिलीज करने के पीछे मेकर्स का बड़ा खेल है। दरअसल, 15 अगस्त को गुरुवार है और सोमवार को रक्षाबंधन है ऐसे में फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर अच्छा लंबा वीकेंड मिलेगा। नेशनल हॉलिडे होने के कारण फिल्म की ओपनिंग कलेक्शन को भी शानदार फायदा मिलेगा। खास बात ये भी है कि सिंघम बच्चों से लेकर हर ऐज ग्रुप के लोगों को पंसद आती है ऐसे में हॉलिडे होने पर ज्यादा संख्या में लोग सिनेमाघर पहुंचेंगे। बता दें कि इस बार सिंघम अगेन में एक फ्रेश जोड़ी भी दर्शकों को देखने को मिलने वाली है। जी हां सर्कस के करंट लगा के सॉन्ग लॉन्च के दौरान रोहित शेट्टी ने घोषणा की थी कि सिंघम अगेन के लिए दीपिका पादुकोण को चुना गया है। रोहित शेट्टी की पुलिस यूनिवर्स में दीपिका पादुकोण पहली महिला पुलिसकर्मी होंगी। जो कि लेडी सिंघम बनेंगी। ऐसे में इस फिल्म को लेकर फैंस के बीच अलग ही एक्साइटमेंट बनी हुई है।

# अरमान जैन और अनीसा मल्होत्रा ने रिवील किया अपने बेटे का नाम

कपूर खानदान इन दिनों जश्न में डूबा हुआ है। हाल ही में उन्हें एक बड़ी खुशखबरी मिली है, जिसके बाद चारो ओर खुशियां ही खुशियां देखने को मिल रही है। दरअसल, एक्टर अरमान जैन और उनकी वाइफ अनीसा मल्होत्रा अब पैरेंट्स बन गए हैं। 23 अप्रैल 2023 को अरमान और अनीसा ने अपने पहले बेबी का इस दुनिया में वेलकम किया है। ऐसे में सभी लोग इन न्यू पैरेंट्स को जमकर बधाइयां दे रहे हैं। आपको बता दें, अरमान और अनीसा को एक प्यारा-सा बेटा हुआ है और अब अरमान और अनीसा ने अपने न्यू बॉर्न बेबी का यूनिक नाम भी रिवील कर दिया है। हाल ही में न्यू मॉम एंड डैड बने इस कपल ने अपने बेटे का बेहद यूनिक नाम रखा है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम की स्टोरीज पर अनीसा मल्होत्रा ने अपने बेटे के आने की अनाउंसमेंट करने के लिए बेबी का प्यारा सा कैरिकेचर पोस्ट किया। इसके साथ ही उन्होंने अपने बेटे का यूनिक नाम राणा भी अनाउंस कर दिया। क्या आपने नोटिस किया अरमान और अनीसा के न्यू बॉर्न बेटे का नाम उनके कजिन रणबीर कपूर और उनके वाइफ आलिया भट्ट की बेटी राहा कपूर के नाम से काफी मिलता-जुलता है। अब फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स भी बेबी के नाम पर रिएक्ट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। आपको बता दें कि फरवरी 2020 में अरमान जैन और अनीसा मल्होत्रा ने धूमधाम से शादी रचाई थी। वहीं, शादी के 3 साल बाद कपल ने अपने पहले बेबी का इस दुनिया में स्वागत किया। अब बेबी के आने से कपूर खानदान में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।





# मन्नत में एसआरके की मेहमाननवाजी देख झूम उठी मॉडल आर्यन नवप्रीत कौर को बताया स्वीटहार्ट




शाहरुख खान के चाहने वाले देश-विदेश में मौजूद हैं। आम इंसान ही नहीं बल्कि स्टार्स तक किंग खान के फैन है और एक्टर को अपना आइडल मानते है। शाहरुख के घर मन्नत के बाहर हजारों की संख्या में फैंस उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं। बादशाह एक्टर का हर फैन एक बार अंदर से मन्नत का दीदार करना चाहता है मगर ऐसा मौका किसी को नहीं मिलता है लेकिन पहली बार एक मॉडल को ये मौका मिला है। जी हां, फेमिना मिस इंडिया की कंटेस्टेंट रह चुकीं नवप्रीत कौर हाल ही में शाहरुख खान के घर मन्नत में मेहमान बनकर पहुंची। इस बारे में एक्ट्रेस ने खुद अपने लेटेस्ट पोस्ट में बताया है साथ ही उन्होंने बताया है कि मन्नत में किंग खान ने उनकी मेहमान नवाजी कैसे की। शाहरुख की वाइफ गौरी और उनके बच्चों ने उनके साथ कैसा बर्ताव किया। नवप्रीत कौर मन्नत के अपने एक्सपीरियस के बारे में सोशल मीडिया पर खुलकर बताया है। दरअसल, नवप्रीत कौर ने इंस्टाग्राम पर शाहरुख खान के साथ अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। उन्होंने मन्नत में एक्टर की फैमली के साथ बिताए पलों को कैमरे में कैद कर फैंस के साथ शेयर किया। फर्स्ट फोटो में मॉडल सुपरस्टार के साथ नजर आ रही हैं, जिसमें दोनों बहुत प्यारे लग रहे हैं। साथ ही मॉडल ने अबराम के साथ की गई मस्ती और पिज्जा की झलक भी फैंस के साथ शेयर की है, खास बात ये है कि मॉडल के पिज्जा खुद किंग खान ने बनाया था।इन तस्वीरों के साथ एक्ट्रेस ने खास नोट भी शेयर किया है। मॉडल ने कैप्शन में लिखा, मैंने खुद से प्रॉमिस किया था कि मैं इसे कभी पोस्ट नहीं करूंगी लेकिन यादें बहुत कीमती होती हैं जिन्हें मैं अपने पास रख सकती हूं। मन्नत में बिता ये दिन मेरी लाइफ का सबसे खूबसूरत पल था। शाहरुख खान ने खुद पिज्जा बनाया और वो भी वेज। क्योंकि कुछ पंजाबी वेज भी होते हैं। जब तक मैं उनके घर पर थी, मुझे यही लग रहा था कि मैं सपना देख रही हूं और कोई मुझे जल्द ही इस नींद से उठाने वाला है। नवप्रीत कौर ने आगे लिखा, मैंने वहां खुद को बहुत शांत रखा क्योंकि मैं उनके सामने अपने अंदर की एक्साइटेमेंट को बाहर नहीं आने देना चाहती थी। जब मैं शाहरुख खान और उनकी फैमिली के साथ डाइनिंग टेबल पर बैठी और पूजा ददलानी जो कि उनकी मैनेजर हैं, वह उस वक्त हंसी-मजाक कर रही थीं। तब मैं अपनी एक्साइटेमेंट को कंट्रोल नहीं कर पा रही थी। मैंने फौरन पूछा कि वॉशरूम किधर है।' उन्होंने बताया कि, 'उसके बाद शाहरुख खान अपनी कुर्सी से उठकर मुझे वॉशरूम तक लेकर गए। इस पल मेरे दिल को लगा कि मैं एक्साइटेमेंट में जोर से चीख पड़ूं। लेकिन मैंने एक कमरे में शीशा देखा और मैंने शांति से, मन ही मन खुद को खुशी से चिल्लाते हुए पाया। ये एकदम अविश्वसनीय था। जब डिनर परोसा गया तो मेरा एक निवाला खाने के बाद ही खुशी से पेट भर गया। उस वक्त मेरा पेट मेरी एक्साइटमेंट को पचाने में बिजी था। किंग खान की फैमली के बारे में बताते हुए मॉडल ने लिखा, गौरी बहुत ही प्यारी हैं। अबराम मेरा नया अच्छा दोस्त है, भले वो आने वाले कुछ दिनों में मुझे भूल जाए। आर्यन तो स्वीटहार्ट हैं। जो कि उनके एंग्री-यंग-मैन लुक्स के खिलाफ है। सुहाना खान तो कालिताना हैं ही और पूजा भी आइकॉनिक है। मैं अभी भी यकीन नहीं कर पा रही कि ये सपना नहीं था। सब सच था।



>>> बॉलीवुड <<<

## बिग बॉस 9 के सीजन में मिले इस लव बर्ड्स ने ऐसे किया था एक दूसरे को एप्रोच, एक्ट्रेस ने कही ये बात

रोडीज फेम प्रिंस नरूला और एक्ट्रेस युविका चौधरी बिग बॉस सीजन 9 में बतौर कंटेस्टेंट पहुंचे थे, इस शो में उस वक्त दोनों एक दूसरे को जानते तक नहीं थे लिहाजा दोनों की दोस्ती शो के दौरान हुई थी। वही हाल ही में दोनों ने अपनी लव लाइफ और पर्सनल लाइफ को लेकर अमृता राव के शो में खुल कर बात की है और अपनी लाइफ का जिक्र किया है। कपल ने अपने रिश्ते को लेकर बात की है और अपनी बिग बॉस की बीती लाइफ को लेकर बताया, प्रिंस ने बताया मै विओकार गुप्ता और पकरण कुंद्रा के जरिये युविका से मिला था। वही जब विकास को पता चला कि मै शो पर जा रहा हूँ तो ऐसे में विकास चाहता था कि मैं उसकी दोस्त से मिलूं, उस वक्त शो में एंटर करने से कुछ 4-5 घंटे पहले विकास ने मुझे कहा... वही प्रिंस ने आगे कहा- मैं तब युविका से मिलने उनके घर गया, विकास चाहते थे कि हम दोस्त बन जाए, जब मैंने युविका को देखा तो मुझे वो काफी स्वीट लगी। मैंने कहा- मेरे से ना होगा ये.. वही युविका को पहली नजर में प्रिंस अजीब लगे थे। उन्होंने विकास से कहा- कि मुझे लव एंगल दिखाना है, तो मैंने कहा मैं बिग बॉस के शो में कोई लव एंगल देखने नहीं जा रही हूँ। जिसके बाद दोनों ने फेक लव एंगल दिखाने के लिए साफ मन कर दिया। वही प्रिंस ने कहा- मैंने रियलिटी शोज किए है और अगर ऐसे शोज में जाकर मैं लव एंगल दिखाऊंगा तो काफी अजीब लगेगा। वही प्रिंस कहा- अगर मुझे सच में वैसी फीलिंग्स आईं तो मैं अपने दिल की बात एक्सप्रेस जरूर करूंगा। जिसके बाद शो में प्रिंस और युविका लव बर्ड्स में नजर आए थे। लेकिन इनका लव रियल थे, दोनों को शो के दौरान एक दूसरे के लिए फीलिंग्स आई। जिसके बाद प्रिंस ने युविका को प्रोपोज किया और शो से बहार आकर शादी कर ली। वही अब दोनों की शादी को 5 साल हो गए है।



स्टार एक्सप्रेस
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नरेन्द्र कुमार द्वारा सांई ऑफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन, कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं एमजी-18, सेक्टर-सी, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक: नरेन्द्र कुमार । (पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा) R.N.I. No.- UPHIN/2008/24076 Email Id : starexpressnews@gmail.com

CMYK